

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 20 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-320 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## पहले खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, फिर पीछे से ट्रक ने कुचला, दो की मौत





**महासमुंद,20 फरवरी।** नेशनल हाईवे-53 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बीती रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूरा मामला बसना थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, हादसा बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत छुईपाली टोल प्लाजा के पास हुआ। बाइक सवार गौरटेक निवासी परमानन्द भोई (60) और उपेश नाग (34) देर रात नेशनल हाईवे-53 से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बसना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हादसे के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पूरे मामले की जांच जारी है। वहीं हादसे के बाद मृतकों के परिवार में मातम पसर गया है। गांव में शोक का माहौल है।

### अंतिम संस्कार से लौट रहे मां-बेटी की ट्रक ने ली जान

**दुर्ग,20 फरवरी।** सड़क हादसे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जहां पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा गेट के पास एक भीषण सड़क हादसे में मां और उनकी दो साल की मासूम बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब परिवार रायपुर से एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर वापस अपने घर दुर्ग लौट रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्ग के पदमनाभपुर निवासी दुबे परिवार अपनी बाइक पर सवार होकर रायपुर से वापस आ रहा था। बाइक पर पति, पत्नी अनीता दुबे और उनकी 2 साल की नन्हीं बेटी सोना दुबे सवार थे। सिरसा गेट से महज 100 मीटर की दूरी पर उनकी बाइक पहले एक तेज रफ्तार कार से टकराई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इससे पहले कि वे संभल पाते, पीछे से आ रहे एक भारी भरकम ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला अनीता दुबे का सिर ट्रक से जा टकराया और मासूम सोना भी ट्रक की चपेट में आ गई। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले मंजर के बीच पति को गंभीर चोटें तो नहीं आईं, लेकिन अपनी आंखों के सामने पत्नी और कलेजे के टुकड़े को खत्म होते देख वह गहरे सदमे में चला गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए तनाव और जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



## नक्सलियों के खिलाफ साय सरकार काम कर रही है तो कांग्रेस को राजनीति दिख रही है, धिक्कार है ऐसे लोगों पर : शर्मा

**कवर्धा,20 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्धारित समय सीमा के भीतर नक्सलियों को खत्म नहीं कर पाने वाले बयान पर तगड़ा प्रहार किया है. उन्होंने कहा कि पांच साल तक सरकार में रहने के दौरान अपने ही शहीदों के लिए कभी कुछ न कर पाए. और आज जब विष्णु देव साय की सरकार उस पर काम कर रही है, तो कांग्रेसियों को उसमें राजनीति दिखती है. धिक्कार है ऐसे लोगों को. छत्रपति शिवाजी की जयंती पर कवर्धा के शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी की भव्य प्रतिमा का उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अनावरण किया. इस दौरान उन्होंने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के बयान पर कहा कि जब भी मैं झीरम घाटी को क्रास किया हूं, शहीदों को याद किया हूं. कांग्रेस वाले भले ही कहते हैं कि हमारे लोग हैं. लेकिन हम कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व था. उन्होंने अपना कहा, लेकिन अपनी 5 साल की सरकार में उनके लिए कभी कुछ नहीं किया. षड्यंत्र करते रहे. विजय शर्मा ने कहा कि आज भाजपा की सरकार देश के गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया को रहा है, और उन




शहीदों को हमारे सशत्र बल के जवान सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे हैं. झीरम में मैं रुककर उस स्थान को प्रणाम किया था, वहां एक मेमोरियल जैसा भी बना हुआ है. मैंने उसी दिन मन ही मन संकल्प लिया था कि जिस दिन नक्सलियों से प्रदेशवासियों को मुक्ति मिलेगी, उस दिन इन सारे वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा. परंतु कांग्रेस को इसमें में राजनीति दिखती है, तो धिक्कार है ऐसे पार्टी को.

### विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 20 फरवरी।** कांग्रेस ने विनोद जाखड़ को एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति



तत्काल प्रभाव से लागू होगी। एआईसीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में निवर्तमान अध्यक्ष वरुण चौधरी के योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताया है। यह आदेश कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी की गई है। वे सचिन पायलट के नजदीकी हैं।

### वंदे भारत पर पथराव,मोहन भागवत सवार थे

**लखनऊ,20 फरवरी।** मेरठ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की घटना ने हड़कंप मचा दिया। खास बात यह रही कि ट्रेन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भावगत भी सवार थे। हालांकि गनीमत रही कि वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में कौढ़ा गांव के पास दोपहर करीब 3:20 बजे हुई। तेज रफ्तार से आए पत्थर ने ट्रेन की सी-4 कोच की खिड़की का शीशा तोड़ दिया। कांच के टुकड़े अंदर तक बिखर गए। उस वक्त मोहन भागवत ई-1 कोच में सफर कर रहे थे। रेलवे स्टाफ ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच मेरठ में आरपीएफ को सौंपी गई है और विशेष टीम भी तैनात कर दी गई है। रात करीब 9 बजे मोहन भागवत मेरठ स्टेशन पर सुरक्षा के बीच उतरे और शताब्दीनगर स्थित माधवकुंज पहुंचे। वे 20-21 फरवरी को दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां खिलाड़ियों और प्रबुद्धजनों से बातचीत करेंगे।

### मनोज दयाल पत्रकारिता विवि बने कुलपति

रायपुर,20 फरवरी। स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिल गया है। राज्य शासन ने प्रो. मनोज दयाल को विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश लोकभवन से जारी कर दिया गया है। प्रो. मनोज दयाल वर्तमान में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के




जनसंचार विभाग में पदस्थ हैं। वे लंबे समय से मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में शिक्षण, शोध और अकादमिक प्रशासन से जुड़े रहे हैं। प्रो. दयाल ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं। वे पूर्व में इलाहाबाद और हरियाणा के सिरसा स्थित विश्वविद्यालय में भी शिक्षण एवं प्रशासनिक दायित्व निभा चुके हैं। जनसंचार, पत्रकारिता और मीडिया अध्ययन के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस का शर्टलेस प्रदर्शन

### भड़की भाजपा, बोली- भारत को किया शर्मिंदा


**नई दिल्ली,20 फरवरी।** इंडिया AI इंपैक्ट समिट के दौरान शुक्रवार को भारी बवाल हुआ है। यहां यूथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं द्वारा 'शर्टलेस' प्रदर्शन के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रदर्शनकारी अपनी शर्ट उतारकर मौके पर हंगामा कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की। दिल्ली पुलिस ने जुड़े सूत्रों ने कहा है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। यूथ कांग्रेस के सदस्य होने का दावा करने वाले करीब 10 लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "चार से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।" जानकारी के मुताबिक प्रदर्शन में शामिल लोग QR-कोड वाले पास का इस्तेमाल कर इवेंट में घुसे थे। फिलहाल हिरासत में लिए गए सभी लोगों को पूछताछ के लिए तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "हम इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सभी जरूरी कानूनी कदम उठाएंगे।"

भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी का नाम लेकर इस घटना पर नाराजगी जताई है। भाजपा के IT सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मालवीय ने कहा है कि कांग्रेस ने पूरे देश को किया शर्मिंदा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ऐसे समय में जब भारत एक मशहूर ग्लोबल AI समिट होस्ट कर रहा है, जिसमें टेक्नोलॉजी में अपने इनोवेशन और लीडरशिप को दिखाया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी ने इज्जत देने के बजाय हंगामे को चुना।" राहुल गांधी की लीडरशिप में, कांग्रेस वर्कर्स ने टॉपलेस होकर समारोह में हंगामा किया, यह काम साफ तौर पर दुनिया के मंच पर भारत को शर्मिंदा करने के लिए किया गया था। जब देश खुद को ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस के तौर पर बनाने की कोशिश कर रहा है, तो ऐसा बर्ताव सिर्फ उन लोगों के फायदे में है जो भारत को गिरते हुए देखना चाहते हैं।

## हाइलाइट होने के लिए मुझ पर केस, सीडी से भी छेड़छाड़ः राहुल

**लखनऊ,20 फरवरी।** मानहानि के एक मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की सुलतानपुर कोर्ट में पेश हुए। गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर चल रहे इस मुकदमे में राहुल गांधी ने अपना बयान दर्ज कराया।

गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान और मानहानि के मुकदमे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को अपने पक्ष रखने के लिए यूपी की सुल्तानपुर कोर्ट में पेश हुए। राहुल गांधी ने कोर्ट में कहा कि राजनीतिक द्वेष की भावना से मेरी और मेरी पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए सत्ता पक्ष की तरफ से यह साजिश रची गई है। राहुल ने कहा कि सीडी सत्यापित नहीं है, इसमें छेड़छाड़ की गई है। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप गलत और बेबुनियाद हैं। मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है। कहा कि मेरा आशय किसी का अपमान करने का नहीं था। कहा कि हमारी छवि खराब करने के लिए दुर्भावना वश केवल हाईलाइट होने के लिए मेरे खिलाफ यह मुकदमा दायर किया गया है। राहुल गांधी के साथ इस दौरान कोर्ट में अधिवक्ता काशी



प्रसाद शुक्ल के अलावा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक व अन्य लोग भी मौजूद रहे। राहुल गांधी पर करीब 8 वर्ष पहले मानहानि का मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में दाखिल किया गया था। मामला कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमित शाह पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया था। पिछली सुनवाई में अदालत ने उन्हे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने का अंतिम मौका दिया था। फिलहाल राहुल गांधी इस मामले में जमानत पर हैं। राहुल की पेशी को देखते हुए कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की पहले से तैनाती की गई थी। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता भी इस दौरान कोर्ट के बाहर पहुंचे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि उनका बयान कोर्ट नंबर 19 में हुई है। अब अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी।

वहीं, राहुल गांधी पर परिवाद दाखिल कराने वाले विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि 2018 में राहुल गांधी ने बंगलुरु की प्रेस कांफ्रेंस में अमित शाह को हत्या का अभियुक्त बताया था। इसी से क्षुब्ध होकर विजय मिश्रा ने परिवाद दाखिल किया था। प्रथमदृष्टया कोर्ट ने केस को स्वीकार किया था। 313 के मामले में स्वयं उपस्थित होना था। आज वह खुद उपस्थित हुए और कहा कि इस बारे में हम साक्ष्य उपलब्ध कराएंगे। राहुल गांधी ने सभी आरोपों से इनकार किया है।



## बुजुर्गों के साये में नन्हा गजराज

**रायगढ़,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के जंगल से हाथियों के दल का एक शानदार तस्वीर आई है. 11 हाथियों के दल बीच दो नन्हें शावक सुरक्षित घेरे में विचरण करते नजर आ रहे हैं, मामला धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज का है. रायगढ़ जिले के जंगल से हाथियों के दल का ड्रोन कैमरे का एक शानदार तस्वीर सामने आई है. 11 हाथियों के दल में दो नन्हे शावक हैं जो अपनी मां के साथ जंगलों में घूमते नजर आ रहे हैं. हाथियों का यह दल छाल रेंज के कुडेकेला परिसर के गूडाघाट डेम किनारे विचरण कर रहा था. वीडियो में देखा जा सकता है कि मादा हाथी अपने शावक को सुरक्षित घेरे में रखते हुए जंगल में आगे बढ़ते नजर आ रही है. बताया जा रहा है कि दोनों हाथी शावक की उम्र करीब 6 महीने के आसपास है.

वन विभाग एवं हाथी मित्र दल की टीम ने कुडेकेला, बांसाझार के अलावा आस-पास गांव के ग्रामीणों को सावधानी बरतने के साथ-साथ किसी भी काम के सिलसिले जंगल तरफ नही जाने की अपील की है. बताया जा रहा है कि हाथियों का यह दल अब घरघोड़ा रेंज में चला गया है. दल में शावक होने की स्थिति पर इस दल पर विशेष रूप से निगरानी की जा रही है.

### मजदूर का अपहरण, ठेकेदार समेत पांच गिरफ्तार

**सक्ती,20 फरवरी।** सक्ती जिले में मजदूर अपहरण मामले में ठेकेदार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर मजदूर को जबरन कार में बिठा कर ले गया था. मजदूर की पत्नी ने पुलिस से घटना की शिकायत की थी. मामला डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम कांसा का है. जानकारी के अनुसार, ईंट भट्टे में काम करने के लिए मजदूर राकेश भारद्वाज को पैसा दिया गया था. इसके बाद काम पर नहीं जाने की वजह से ठेकेदार नरेश कुमार टंडन, शिव टंडन, देवानंद भारद्वाज, कीर्तन खांडे, परमेश्वरी टंडन मजदूर को जबरन उठा ले गए थे. आरोपी ठेकेदार अन्य प्रदेश के ईंट भट्टे में मजदूरों की सप्लाई करता है. पैसा लेने के बाद मजदूर के मजदूरी करने नहीं जाने के कारण विवाद हुआ. मामले में ठेकेदार और एक महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

## छुट्टी पर घर लौट रहा आईटीबीपी का जवान लापता

### गोरखपुर में मिला सामान, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**कांकेर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के चारामा थाना क्षेत्र से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। पंजाब में तैनात आईटीबीपी का एक जवान छुट्टी पर घर लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। जवान ने 7 फरवरी की रात परिजनों से फोन पर रायपुर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यूपी के गोरखपुर में उनका सामान मिलने से मामला और भी रहस्यमय हो गया है। चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम कसावाही निवासी जवान विनोद कुमार गोटी वर्तमान में पंजाब के लुधियाना स्थित आईटीबीपी पोस्ट पर पदस्थ है। जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी की रात करीब 10 बजे उन्होंने परिजनों से फोन पर बातचीत कर बताया था कि वे छुट्टी लेकर घर लौट रहे हैं। रायपुर पहुंचने के बाद उन्हें लेने आने के लिए कहा था। अगली सुबह जब उनके पिता ने संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

परिजनों ने लगातार संपर्क करने का प्रयास किया इसी बीच रेलवे पुलिस गोरखपुर ने कॉल रिसीव कर जानकारी दी कि जवान का रेलवे से संबंधित सामान गोरखपुर में मिला है, जिसे छोड़कर वे कहीं चले गए हैं। सूचना मिलते ही चिंतित परिजन गोरखपुर पहुंचे, लेकिन वहां भी जवान का कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजन उनका सामान लेकर वापस कांकेर लौट आए हैं। घटना के बाद से जवान विनोद कुमार गोटी की तलाश जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। जवान के अचानक लापता हो जाने से परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से अपील की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द से जल्द जवान का पता लगाया जाए।

## मर्जी से विवाहित महिला ने छोड़ा ससुराल हाईकोर्ट ने भरण-पोषण की मांग ठुकराई

**बिलासपुर,20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि पत्नी बिना किसी वैध और पर्याप्त कारण के पति और ससुराल से अलग रह रही है, तो वह मासिक भरण-पोषण की हकदार नहीं होगी। कोर्ट ने पाया कि पति ने विवाह बचाने के लिए पत्नी को साथ रखने की कोशिश की और इसके लिए याचिका तक दायर की, लेकिन पत्नी साथ रहने को तैयार नहीं हुई।

सभी परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने भरण-पोषण न देने के परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए पत्नी की याचिका खारिज कर दी। यह फैसला बिलासपुर निवासी प्रवीण कुमार वेदुला के मामले में दिया गया। पत्नी ने परिवार न्यायालय द्वारा भरण-पोषण से इंकार किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने की। कोर्ट ने कहा कि परिवार न्यायालय के आदेश में कोई ऐसी अवैधता या त्रुटि नहीं है, जिसके कारण हाईकोर्ट के हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़े। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वैवाहिक विवादों में केवल संबंध ही नहीं, बल्कि दोनों पक्षों का आचरण भी न्याय का आधार होता है। प्रवीण का विवाह 10 फरवरी 2019 को बिलासपुर में हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद पत्नी ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए। 19 अक्टूबर 2020 को महिला थाना बिलासपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसमें कार और 10 लाख रुपये की मांग तथा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाए गए। हालांकि, पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर मामला न्यायालय पहुंचा, जहां 19 मार्च 2021 को याचिका खारिज कर दी गई। बाद में पुनरीक्षण याचिका भी सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि जब पति ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 के तहत वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए याचिका दायर की थी, तब पत्नी के पास वैवाहिक जीवन पुनः शुरू करने का अवसर था। चूंकि पति ने अपना वैवाहिक जीवन बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया, यहां तक कि दांपत्य पुनर्स्थापना के लिए याचिका तक दायर की, लेकिन पत्नी ने साथ रहना स्वीकार नहीं किया।



# रिसाली में नाली पर हुए अतिक्रमण को महापौर ने हटाने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली 20 फरवरी।** महापौर शशि सिन्हा विकास कार्य और व्यवस्थाओं का फीडबैक लेने वार्डो तक पहुंच रही हैं। वे अल सुबह वार्ड 15 मौहारी मरोदा पहुंची। रिसाली महापौर नागरिकों से बातचीत करते नाली पर हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए। क्षेत्र का भ्रमण करते महापौर और एमआईसी सदस्यों ने साफ सफाई समेत व्यवस्थाओं पर नागरिकों से चर्चा की। उनका कहना था कि फीडबैक के आधार पर ही वे कार्य योजना तैयार कर विकास को गति देंगे। इस दौरान उनकी नजर प्रजापति किराना स्टोर्स के पास नाली पर हुए अतिक्रमण पर टीकी। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम समेत प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी योगेश सुरे, जलकार्य विभाग के गोपाल सिन्हा आदि मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था को भी देखी। उन्होंने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि जाम नाली की सफाई सबसे पहले काराएं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कहीं गंदा पानी का जमावड़ा तो नहीं हो रहा है। इस दौरान नागरिकों ने कुछ खंभों में लाइट नहीं जलने की शिकायत की। नागरिकों का कहना था कि गली में अंधेरा रहता है। महापौर ने नागरिकों को खंभे पर लाइट लगाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने रास्ते के बीच लगे बिजली खंभा को हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए।

## एक नजर

### होली समीप आते ही मार्केट में बढ़ी रौनक



**कवर्धा 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिले में जूता चप्पल बेचने वाली दुकानों में सुबह से ही ग्राहक पहुंचकर बच्चों के लिए चप्पल , जूते खरीदते हुए दिखे । बच्चों में भारी खुशी दिखी क्योंकि होली में नया चप्पल जूता पहनेंगे । व्यापारी संजय सलूजा ने कहा कि होली समीप है ओर मार्केट में ग्राहक आ रहे है । होली के दिन शराब दुकान नहीं खुलना चाहिए मेरी भी राय है ।

### असामाजिक गतिविधियों से छात्रों और शिक्षकों में भय का माहौल

**भिलाई 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केलाबाड़ी स्थित प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परिसर में लगातार हो रही असामाजिक गतिविधियों से छात्रों और शिक्षकों में भय का माहौल है पहली से आठवीं तक संचालित होने वाले इस शासकीय स्कूल में बीते एक सप्ताह से तंत्र-मंत्र जैसे निशान मिलने और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही थीं क्लासरूम के बाहर चुनरी, माला, गोबर-मिट्टी से अजीब आकृतियां बनाई गईं, वहीं कक्षाओं के अंदर भी इसी तरह के चिन्ह पाए गए। शिक्षकों ने इसकी शिकायत पहले ही पुलिस से की थी, लेकिन घटनाएं थम नहीं सकीं असामाजिक तत्वों ने प्राथमिक स्कूल में घुसकर टेबल-कुर्सियों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों में आग लगा दी। क्लासरूम के पंखे, लाइट और बिजली बोर्ड तोड़ दिए गए, बोर के केबल भी जला दिए गए। स्कूल की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त कर दी गई है, जिससे रात के समय परिसर में आसानी से प्रवेश किया जा रहा है कई बार कक्षाओं के ताले तोड़कर फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया गया इस से पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रिंसिपल कार्यालय के सामने कथित रूप से कोयल की बलि देकर तंत्र-मंत्र किए जाने की घटना भी सामने आई थी स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि पूरे परिसर में पुतला बांधकर जादू-टोना जैसा कृत्य किया गया है। इस संबंध में पद्मनापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है वहीं पुलिस प्रवक्ता मणिशंकर चंद्रा ने कहा कि शिकायत मिलने पर पुलिस जांच में जुटी है, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। लगातार घटनाओं से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई है

### सड़क हादसे में एक भाई की मौत,दूसरा घायल,शादी के घर में फैला मातम

**भिलाई 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धमधा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया शादी की तैयारियों के बीच एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जानकारी के अनुसार ग्राम बरहापुर से दो सगे भाई जगन्नाथ साहू और रोहित साहू बाल कटाने के लिए धमधा की ओर जा रहे थे इसी दौरान खैरागढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के



तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया डॉक्टरों ने जांच के बाद छोटे भाई रोहित साहू को मृत घोषित कर दिया जब कि बड़े भाई जगन्नाथ साहू की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है शादी से पहले घर में पसरा सन्नाटा सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि मृतक और घायल दोनों भाइयों के परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं और बारात जाने की तैयारी थी घर में जहां ढोल-नगाड़े और खुशियों का माहौल था वहीं इस हादसे ने पूरे परिवार और गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि 20 फरवरी को बरहापुर गांव में साहू समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रस्तावित है धमधा थाने पुलिस जांच में जुटी हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया मामले की जांच धमधा पुलिस द्वारा की जा रही है और वाहन की तलाश जारी है बरहापुर सहित आसपास के गांवों में मातम का माहौल है ग्रामीणों ने जल्द से जल्द आरोपी वाहन चालक को पकड़ने की मांग की है।

### हिंदी-बांग्ला सेवा के लिए गोविंद को मातृभाषा रत्न की उपाधि

**भिलाई, 20 फरवरी।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के अवसर पर हिंदी एवं बांग्ला भाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए साहित्यकार गोविंद पाल को नेपाल की शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें ई-प्रमाण पत्र प्रेषित कर



यह सम्मान प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की मान्यता यूनेस्को ने 17 नवंबर 1999 को 1952 के बांग्ला भाषा आंदोलन के शहीदों की स्मृति में दी थी। फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद गिरी मयालू ने गोविंद पाल को नेपाल में आयोजित होने वाले आगामी समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया है। यह सम्मान मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के प्रति उनके योगदान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना है।

### युवाओं का दल पुरी धाम के लिए रवाना




**भिलाई, 20 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू के नेतृत्व में दुर्ग से 100 युवाओं का दल जगन्नाथ मंदिर के दर्शन हेतु पुरी धाम के लिए रवाना हुआ।

बम्हनी के सरपंच सुरेश कौशिक कांग्रेस छोड़कर

# सैकड़ों ग्रामीण के साथ भाजपा में हुए शामिल और उप मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व पर जताया विश्वास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 20 फरवरी।** जिला कबीरधाम- कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच सुरेश कौशिक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का परित्याग कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभी ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के नेतृत्व, सुशासन और क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश कौशिक (सरपंच), संतोष पटेल , योगेश धुर्वे , दुकेश्वर , लाला राम , मोहन , रामायण , छिन्नु , हेमराज , दुखुराम, रामकुमार ,अश्वनी ,रमेश ,मनोहर ,राम औतार ,आशकरण ,कैलाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा शामिल रहे।इस अवसर पर सरपंच सुरेश कौशिक ने कहा कि ÷उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर हम सभी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। हमें विश्वास है कि भाजपा के साथ जुड़कर हम अपने ग्राम और क्षेत्र के विकास में और अधिक योगदान दे सकेंगे।÷भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनहितकारी नीतियों, सुशासन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। ग्राम बम्हनी में सैकड़ों लोगों का भाजपा में प्रवेश संगठन की बढ़ती ताकत और जनसमर्थन को दर्शाता है।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए क्षेत्र में विकास की गति को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### संजय नगर तालाब के पास के भूखंडों को किया गया निरस्त

**भिलाई, 20 फरवरी।** नगर निगम द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं के अंतर्गत रिक्त भूखंडों का अंतरण 30 वर्षीय लीज पर किया जा रहा है। इसके लिए निविदाएं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन की मांग एवं जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रियदर्शिनी परिसर, संजय नगर तालाब के पास जी.ई. रोड सुपेला स्थित 14,950 वर्ग मीटर भूखंड को निरस्त कर दिया गया है। विधायक के अनुसार उक्त स्थल का उपयोग मोहल्लेवासियों के कार्यक्रम, खेलकूद एवं अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। क्षेत्र में एकमात्र मैदान होने के कारण इसका विक्रय उचित नहीं माना गया। शेष 99 भूखंडों को 30 वर्षीय लीज पर नीलाम किया जाएगा।

## त्वरित सहायता के लिए जिला पंचायत सभापति का लोगों ने आभार माना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 20 फरवरी।** ग्राम कामठी में अटल चौंक के पास एक दुःखद सड़क दुघर्टना में मोटरसाइकिल से एक महिला घायल हो गई, जिनके सिर में गंभीर चोंट आई !घटना की सूचना मिलते ही *सभापति -जिला पंचायत कबीरधाम श्रीमती दीपा धुर्वे तुरंत मौके पर पहुंची और घायल महिला की स्थिति का जायजा लिया! परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं संवेदनशील विधायक *भावना बोहरा* दीदी जी द्वारा संचालित एम्बुलेंस को तत्काल फोन किया! बहुत ही कम समय में एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है!इस मानवीय और त्वरित सहयोग के लिए पीड़ित परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक दीदी जी एवं सभापति दीपा दीदी जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया!जनसेवा ही हमारा संकल्प है - संकट की घड़ी में साथ खड़े रहना ही सच्ची जनप्रतिबद्धता है ।

## सड़क बाधित करने वालों पर निगम ने लगाया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 फरवरी।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़क बाधा कर व्यापार करने वाले वेंडरों पर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सड़कों से अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाया गया। जोन-1 के वार्ड क्रमांक-10 लक्ष्मी नगर एवं वार्ड क्रमांक-17 नेहरू नगर भवन के पास प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं सड़क बाधा पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता सहित बेदखली दल उपस्थित रहा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।



## विकसित भारत जी राम जी योजना से जुड़कर विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा: डिप्टी सीएम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 20 फरवरी।** विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल में गत दिवस अयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के फायदे बता कर योजना का लाभ लेने उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा द्वारा प्रोत्साहित किया गया। किसानों एवं ग्रामीणों को बताया गया की 1 अप्रैल 2026 से नई योजना में अब प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान होगी, गांव के विकास की रूपरेखा ग्राम सभा स्वयं तय करेगी, गांव में आवश्यकता अनुसार अधोसंरचना विकास का कार्य पूरा होगा तथा जल संरक्षण, आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को कौशल से जोड़ने विभिन्न कार्य योजना के तहत काम होगा। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने किसान सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीणों को संदेश देते हुए आगे कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना से जुड़कर विकसित भारत 2047 का सपना साकार होगा और हम सब के संयुक्त प्रयास से शहर से लेकर गांव तक एवं वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक योजना से स्थानीय समुदाय लाभान्वित होगी। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणो एवं किसानों को योजना अंतर्गत आजीविका डबरी का निर्माण करने के फायदे बताएं। में आजीविका डबरी का निर्माण करा रही है, आजीविका डबरी बन जाने के साथ ही स्थानीय समुदाय को अन्य विभागों से आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण एवं अन्य सहायता प्रदान करते हुए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करायेगी। जिला स्तरीय किसान सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत जी राम जी योजना के फायदे को जाना और साथ ही आजीविका डबरी से नियमित आय के साधनों को जानकर ग्रामीणो ने इसका लाभ लेने की बात कही । विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , बोडला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का सांकरा अमलेश्वर में किया गया स्वागत

**उतई 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का सांकरा अमलेश्वर आगमन पर भव्य एवं जोशीला स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम युवा सरपंच रवि सिंगौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र में उत्साह और ऊर्जा का माहौल



देखने को मिला।कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, झीट सरपंच राजू साहू, भाजपा नेता धर्मेंद्र सोनकर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, युवाओं की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण नारों और संगठनात्मक एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

### शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने बिना अनुमति मार्ग जाम कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले फरार आरोपी प्रदीप सिन्हा को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 01 दिसंबर 2025 को पटेल चौक, बीएसएनएल ऑफिस के सामने हुई अवैध प्रदर्शन की घटना के सिलसिले में की गई विवेचना में यह सामने आया कि प्रदर्शनकारियों ने जमीन रजिस्ट्री की बढ़ी हुई दरों के विरोध में मार्ग अवरुद्ध किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल से हाथापाई की। इस दौरान प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, आरक्षक तुषार सलामे, आरक्षक अजय साहू एवं आरक्षक हिमांशु जंघेल को चोटें आई थीं सतत विवेचना एवं गिरफ्तारी विवेचना के दौरान पहले ही 10 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके थे सतत पतासाजी के बाद फरार आरोपी प्रदीप सिन्हा (36 साल ) निवासी सरस्वती नगर, दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश



किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। पूर्व गिरफ्तार आरोपी सूची अनिल वासनिक, अंबेडकर नगर ,विक्की चंद्राकर, शीतला नगर ,दिनेश पाण्डेय, गयानगर ,राकेश यादव, गयानगर,जितेन्द्र बत्रा,सिंधी कॉलोनी ,मनोज राजपूत, सिकोला भाठा , शुभम सिंह राजपूत, कर्मचारी नगर ,गीतेश कुमार ठाकुर,कर्मचारी नगर ,यशवंत सिंह राजपूत, बोरसी ओम प्रकाश कोटवानी, दुर्ग पुलिस की सराहनीय भूमिका दुर्ग सिटी कोतवाली के प्रधान आरक्षक और स्टाफ ने त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई कर फरार आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया दुर्ग पुलिस की अपील दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अनुरोध करती है कि किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, धरना या सभा से पहले विधिसम्मत अनुमति प्राप्त करें शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई होगी।

## कर्म शिरोमणि से गैर संकार्य एवं चिकित्सा कर्मी सम्मानित




**भिलाई, 20 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्म शिरोमणि पुरस्कार से गैर संकार्य एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को सम्मानित किया गया। गैर संकार्य क्षेत्र से सुश्री शिखा दीक्षित, विजय कुमार माहूरकर, सिंदा सिंह, सुश्री रिजवाना हुसैन, आलोक ताम्रकार, वाई.वी.एस.एस. शर्मा, विनोद कुमार जैन, मनराखन सिंह वर्मा एवं सुश्री किरण साधू को उनके अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में आयोजित समारोह में श्रीमती शोभा सिंह, लुकेन्द्र कुमार तारम एवं आदित्यन एम. को रोगी-सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं गुणवत्ता उन्नयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए कर्म शिरोमणि से सम्मानित किया गया।

## नई शिक्षा प्रणाली के प्रति छात्रों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 फरवरी।** नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत जनजागरण विषय पर सीएम नर्सिंग कॉलेज प्रियदर्शिनी परिसर नेहरू नगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा प्रणाली, पारिवारिक संबंधों तथा कौशल विकास के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। देवेंद्र कुमार ने कहा कि नई शिक्षा प्रणाली जीवनोपयोगी पहलुओं पर आधारित है। इसमें मानसिक विकास, व्यक्तित्व निर्माण, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा अपने स्वास्थ्य की देखभाल जैसे विषयों को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि केवल पुस्तक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोक व्यवहार, सकारात्मक सोच और उच्च मानसिक दृष्टिकोण भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को आदर्श स्वास्थ्य, सजग मन की शक्ति तथा प्रेरणादायक पुस्तकों के अध्ययन के महत्व के बारे में बताया। साथ ही यह भी कहा कि वर्तमान पाठ्यक्रम में व्यवहारिक शिक्षा को शामिल कर युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रभावी शिक्षा प्रणाली विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक संबंधों में सम्मान, समय और धन के संतुलन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. तृप्ति नितिन चरण, डॉ. सुप्रिया, श्रीमती रीना चंद्राकर सहित नर्सिंग के सभी सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर

## मारपीट कर सिर में गंभीर चोट पहुंचाने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिला कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलौदाबाजार शहर में मेन मार्केट के पास राहुल चौहान के साथ मारपीट किया गया है, जिसे इलाज हेतु बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। तत्पश्चात गंभीर हालत में उसे उचित इलाज हेतु अस्पताल रायपुर में रेफर किया गया है। आहत के परिजनों से विस्तृत पूछताछ पर उनके द्वारा आरोपी वैष्णव पंडा द्वारा आहत राहुल चौहान के सांथ मारपीट करना बताया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 141/2026 धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी वैष्णव पंडा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से, आहत राहुल चौहान के ऊपर प्राण घातक वार करते हुए, उसके सिर में गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 18.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## किसान संगोष्ठी में रोग,कीट-पतंगों,वर्मी कंपोस्ट,जैविक खेती की जानकारी दी



**कलकसा( डोंगरगढ़ ) 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड डोंगरगढ के ग्राम पंचायत पीटेपानी में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।छत्तीसगढ़ शासन का अन्नदाता किसान भाइयों की खुशहाली और समृद्धि का प्रचार प्रसार पर जानकारी दिया गया।जिसमें कृषि विभाग श्री एच. एस. रावत व. कृ.वि. अधिकारी के मार्ग दर्शन में आत्मा स्टॉफ बी. टी. एम. हरीश चन्द्र देवहारी द्वारा रबी फसलों में रोग कीट पतंगों के बारे में जानकारी , वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता, जैविक खेती आधारित फसल प्रदर्शन के बारे में जानकारी दिया । ए. टी. एम श्रीमति स्वाति मेश्राम वेस्ट डी कंपोजर घोल की उपयोगिता, आत्मा निर्भर महिला समूहों की चर्चा किया । किसान संगवारी धरम सिंह उइके किसान अमित गेडाम, ग्राम के पटेल ,पशुपालन विभाग से श्री एल एम तारमग्राम पंचायत सरपंच श्री शत्रुहन सिंह उइके अन्य किसान भाई एवं बहुत ज्यादा संख्या में महिला कृषक उपस्थित हुए।

## पानी की समस्या को देखते हुए लोगों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**डोंगरगढ़/बोरतलाव 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता हेतु हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया, ग्राम पंचायत भवन बोरतलाव में 7 प्रदेश में भू-जल स्तर बहुत नीचे चलागया है, भविष्य में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया 7 उपस्थित पद्मश्री श्रीमती फूलवासन बाई यादव, सरपंच कैलाश उके ग्राम पंचायत बोरतलाव, पंच राम कोराम, पंकज सोरी, मेनका यादव, उर्वशी नेताम, मितानिन, स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, एवं ग्रामीण उपस्थित थे, साथ ही राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें व्यक्तियों को दवा सेवन कराया गया।

## पैसा कई गुना बढ़ाने का प्रलोभन देकर ठगी

**बलौदाबाजार 20 फरवरी।** पहला प्रकरण- प्रार्थी नोहर यादव उम्र 57 साल निवासी ग्राम बलौदी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि वर्ष 2022 में आरोपी पिता-पुत्र द्वारा उसके घर आकर जादू मंत्र से पैसा कई गुना करने का प्रलोभन देकर दिनांक 18.10.2022 को 03 लाख रुपए नगद लिया है। आरोपियों द्वारा पैसा कई गुना करने का छलपूर्वक लालच देकर प्रार्थी से ?3,00,000 लेकर वापस ना करते हुए धोखाधड़ी किया गया है। जांच पर थाना अपराध क्र. 452/2025 धारा 420,34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरा प्रकरण- प्रार्थी पराग कटियार निवासी ग्राम रामपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया ।

# वन प्रबंधन समिति की बैठक में वन अग्नि सुरक्षा, वन्यजीव संरक्षण एवं ग्राम स्तरीय योजनाओं पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की वन प्रबंधन समितियों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में आगामी फायर सीज़न को दृष्टिगत रखते हुए वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर निर्णय लिया जा रहा है।



वन प्रबंधन समितियाँ सुरबाय, बरबसपुर, मूढ़ीपार, पिपरचेड़ी, पाथियापाली, चरौदा (ब), लोरिदखार, खुड़मुड़ी, गबौद सहित अन्य ग्रामों में आयोजित बैठकों के दौरान वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। विशेष रूप से महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने, सूखे पत्तों को ब्लोवर अथवा झाड़ू से साफकर सुरक्षित ढंग से महुआ बीनने, खेत-खलिहानों में पराली न जलाने तथा आग लगने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने और आग बुझाने में सहयोग करने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठकों में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को फायर अलर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि वनाग्नि की सूचना समय पर प्राप्त हो सके। कई ग्रामों में समिति निधि से अतिरिक्त सुरक्षा श्रमिक रखने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिससे फायर सीज़न के दौरान निगरानी और सुदृढ़ हो सके। कुछ समितियों द्वारा ग्राम विकास कार्यों हेतु समिति खाते से राशि उपयोग करने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। किसान वृक्ष सम्पदा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति व्यक्त की। मधुमक्खी पालन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और कई ग्रामीणों ने इसमें रुचि दिखाई। मानव-वन्यजीव द्वंद्व की स्थिति में तत्काल सूचना देने, अवैध कटाई, शिकार, अतिक्रमण एवं उत्खनन की रोकथाम में सहयोग करने तथा पालतू कुत्तों की पहचान सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

### सतनाम सद्भाव पदयात्रा के पहले दिन सारागांव में

# समरसता भोज का आयोजन कर विभिन्न समाज व धर्मों के लोगों का सम्मान किया





**तिल्दा नेवरा 20 फरवरी।** विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का प्रथम दिवस सारागांव में बहुत ही उत्साह और समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाज और धर्मों के सम्माननीय नागरिकों के साथ समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया।

यह पदयात्रा परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के मनखे-मनखे एक समान÷ के संदेश को साकार करने के लिए निकाली जा रही है, जो समाज में समता, सौहार्द और आध्यात्मिक चेतना का प्रकाश फैलाने का कार्य कर रही है।

समरसता भोज का आयोज- विभिन्न समाज और धर्मों के नागरिकों का सम्मा- परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के संदेश का प्रचा- समाज में समता, सौहार्द और आध्यात्मिक चेतना का प्रकाश फैलाना विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा के शुभारंभ समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैंः- मुख्यमंत्री विष्णु देव सायः उन्होंने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।धर्मगुरु गुरु बालदास साहेबः वे सतनामी समाज के प्रमुख धार्मिक नेता हैं - विधायक ललित चंद्राकर और विधायक मोतीलाल साहूः वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य हैं। फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेनः वे फिल्म उद्योग से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक और जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवालःवे स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी हैं। धरसीवां विधायक अनुज शर्मा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग अंजय शुक्ला सहित संत समाज के प्रतिनिधि और सर्व समाज के प्रबुद्धजन भी उपस्थित थे प्रथम दिवस का पड़ाव सारागांव में था। विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का शुभारंभ 18 फरवरी को रायपुर के सतनाम भवन से हुआ, जो जैतखाम और गुरुगद्दी की ओर बढ़ी। इसके बाद सेमरिया, दोंदेखुर्द और दीदेंकला होते हुए पदयात्रा सारागांव पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया

दूसरे दिन की शुरुआत 19 फरवरी 2026 को गुरुवार को सुबह हुई आज 19 फरवरी 2026 है, जो विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का दूसरा दिन है। यह पदयात्रा सारागांव से शुरू हुई यह पदयात्रा 18 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक चलने वाली है, जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है । बंगोली, खरोरा कनकी में यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जा रहा हे

तिल्दा ब्लॉक के गांव बंगोली में पदयात्रा का जिला पंचायत अध्यक्ष एव ग्रामीणों ने किया स्वागत विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का बंगोली में विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत, सम्मान और अभिनंदन से पदयात्रियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। समाज के हर वर्ग युवा, महिला, वरिष्ठजन एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित सरपंच पंच विद्यार्थियों ने गुरु खुशवंत साहेब का भव्य स्वागत किया यह जनसमर्थन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि समानता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश अब जनमानस के हृदय में गहराई से स्थापित हो रहा है। बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखेङ्कमनखे एक समान का पावन संकल्प समाज को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## महाशिवरात्रि में सिध्देश्वर मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 20 फरवरी।** महाशिवरात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर पालिका परिषद सिमगा सिद्धेश्वर मंदिर में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से दुलदुला छत्तीसगढ़ी रंगोली समिति द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति सुवा पंथी राउत नाचा भरथरी पंडवानी गौरा गौरी एवं भोलेनाथ की सुप्रसिद्ध भजनों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि महाशिवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है शिव की महान रात्रि यह पर्व साधना और आत्म शुद्धि का प्रतीक है महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक जागरण और आत्म चिंतन का अवसर भी है भगवान शिव का स्वरूप और महत्व भगवान शिव को त्रिदेवों ब्रह्मा विष्णु और मैं याद किया जाता है महाशिवरात्रि की पूजा विधि महाशिवरात्रि के दिन प्रातः काल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं शिव मंदिरों में विशेष सजावट की जाती है शिवलिंग का अभिषेक जल दूध दही घी शहर और गंगाजल से किया जाता है पूजा के दौरान ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप किया जाता है महाशिवरात्रि का व्रत अत्यंत फलदाई माना जाता है व्रत रखने से आत्म संयम बढ़ता है और शरीर तथा मन की शुद्धि होती है इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

## आईटीआई सकरी में महिलाओं को कानून की जानकारी दी

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत आईटीआई सकरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, कॉलेज, आईटीआई के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## डुन्डेरा मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 20 फरवरी।** 17 फरवरी को लोधी भवन डुन्डेरा में मण्डल कांग्रेस कमेटी स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुआ। बैठक में डुन्डेरा सेक्टर, मुसरा सेक्टर के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (डोंगरगढ़ ग्रामीण) के अध्यक्ष पंचराम चंदेल के दिशा निर्देश में आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर हटीले सेक्टर प्रभारी, नरसिंग वर्मा मोहन साहू कमलेश्वर वर्मा, मदनमोहन साहू, नीलांबर वर्मा, द्वारका सिन्हा, पवन साहू, खिलेश्वर वर्मा, जयचंद वर्मा, नागेंद्र वर्मा, भागीराम कंवर, कामता साहू, भैरोलाल, प्रेमलाल, पंचुराम, भूपेंद्र साहू, इंद्रजीत साहु, लोकेश साहू, सहदेव वर्मा, तिलक नंदेश्वर चम्पालाल, बहल, कीर्तन, रामदास वर्मा समेत सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 हितग्राहियो को 6.50 लाख रुपये की मदद

राजनंदगांव 20 फरवरी । विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के 25 जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता राशि 6,50,000 की स्वीकृति प्रदान की । विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल के द्वारा स्पीकर हाऊस, राजनांदगांव मे चेक वितरण किया गया। जिसमें प्रभा बाई साहू ग्राम टेड़ेसरा को 01 लाख रूपये, लक्ष्मी मंडावी, पुनीता चंद्रवंशी ग्राम भण्डारपुर को 50-50 हजार रूपये व कांति बाई मेश्राम वार्ड नं. 10 विकासखंड राजनांदगांव को 40 हजार रुपये, गीता संतोष यादव मठपारा व प्रेमा सोनकर स्टेशन पारा को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान किया गया।

## मुख्यमंत्री की अंतर की राशि एकमुश्त देने की घोषणा से किसानों की खुशी हुई दोगुनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा होली के पावन पर्व से पूर्व कृषक उन्नति योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान करने के निर्णय लिया है। इस निर्णय ने अन्नदाताओं के लिए त्यौहार की दुगुनी खुशी लेकर आई है। ग्राम परसाभदेर के प्रगतिशील किसान संतोष कुमार निषाद ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। हाल ही में समर्थन मूल्य में 80 क्विंटल धान की बिक्री करने वाले संतोष निषाद ने शासन के इस कदम को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि त्योहारों के ऐन वक्त पर मिलने वाली यह राशि उनके जैसे हजारों किसानों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि एकमुश्त राशि मिलने से न केवल वे और उनका परिवार पूरे उत्साह और गरिमा के साथ होली का त्यौहार मना पाएंगे, बल्कि आर्थिक सुदृढ़ता मिलने से त्योहारों के खर्च के बाद शेष राशि को आगामी खरीफसीजन की खेती-किसानी की तैयारियों के लिए सुरक्षित भी रख सकेंगे। संतोष निषाद ने इसे सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और वादे को निभाने वाला बताया है।

### जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में समाधान शिविर में

# 96 ग्राहकों की शिकायतें प्रथम दृष्टया सही पाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 20 फरवरी।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में डाक विभाग द्वारा आयोजित समाधान शिविर में बीते दो दिनों के भीतर कुल 303 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार इनमें से 96 ग्राहकों की शिकायतें प्रथम दृष्टया सही पाई गई हैं। इन 96 ग्राहकों को लगभग 11 लाख 60 हजार रुपये की राशि सेटलमेंट के रूप में इसी सप्ताह प्रदान की जाएगी।जिसमें गुरुवार को 28 ग्राहकों के खातों में करीब चार लाख रुपये की राशि स्थानांतरित भी की जा चुकी है। विभाग का कहना है कि शेष मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।



**दस्तावेज विहीन मिले 103 ग्राहक :-** शिविर के दौरान 103 ऐसे ग्राहक भी सामने आए हैं जिनके पास अपने खाते से संबंधित कोई दस्तावेज या पासबुक उपलब्ध नहीं है। ग्राहकों का आरोप है कि वे भारी-भरकम राशि का लेनदेन करते थे, जिसके चलते तत्कालीन पोस्टमास्टर आशीष मांडवी वर्ष में आधे से अधिक समय तक किसी न किसी बहाने से उनकी पासबुक अपने पास रख लेते थे। टीडी (टर्म डिपॉजिट) के लगभग 12 ग्राहकों के साथ भी इसी प्रकार की स्थिति सामने आई है। कुल प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभाग ने 20 लाख रुपये से अधिक की राशि में गड़बड़ी के संकेत मिलने की बात स्वीकार की है।

**सुकन्या योजना के खातों में भी गड़बड़ी :-**जांच के दौरान 20 से अधिक सुकन्या योजना खातों में भी अनियमितता सामने आई है। जानकारी के अनुसार संबंधित परिवार अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 8.2 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 15 वर्षों के लिए राशि जमा कर रहे थे। आरोप है कि इन खातों में भी आशीष मांडवी द्वारा गड़बड़ी का प्रयास किया गया। विभाग के अनुसार इनमें से सात ग्राहकों की राशि मंगलवार को सेटलमेंट के रूप में जमा कर दी गई है, जबकि शेष 13 मामलों की जांच जारी है।

**'टॉप 15' में रहता था रैंक :-** विभागीय सूत्रों के अनुसार छह ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले 111 पोस्ट ऑफिसों में आशीष मांडवी का प्रदर्शन रैंकिंग में 11 से 15 के बीच रहता था। बताया जाता है कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए लक्ष्यों को वह समय से पहले पूरा कर लेता था। नए खाते खोलने से लेकर अन्य कार्यों में भी उसका प्रदर्शन उल्लेखनीय माना जाता था। फिलहाल डाक विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। विभाग का कहना है कि सभी पीड़ित ग्राहकों को न्याय दिलाने और उनकी राशि सुरक्षित लौटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## राजस्व शिविर में 428 में से 383 आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण




**बलौदाबाजार, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार को क्लस्टर पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में बुधवार को आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं से सम्बधित कुल 428 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 383आवेदनों का मौक़े पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 45आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत आयोजित शिविर में 19 आवेदन में से 16 का निराकरण किया गया। लवन में 26 में से 25, पलारी में 250 में से 244, भाटापारा में 27में से 15, सिमगा में 8 आवेदन एवं सुहेला में 67 में से 65 निराकरण किया गया है।

## शराबबंदी का वादा तो भूपेश बघेल ने किया था

राजनीति में सच और झूठ अपनी सुविधा के अनुसार कहा जाता है।राजनीतिक दलों को झूठ कहने में राजनीतिक फायदा होता हो तो वह राजनीतिक झूठ कहने में कोई संकोच नहीं करते हैं।सच कहने से राजनीतिक नुकसान होता है तो वह सच नहीं कहते हैं।छत्तीसगढ़ में सत्ता में भाजपा है और विपक्ष में कांग्रेस है तो वह भाजपा को याद दिलाती है कि वह तो शराबबंदी की बात किया करती थी आज सत्ता में है तो वह शराबबंदी करती क्यों नही है।शराब से कमाई क्यों कर रही हैं, नई शराब दुकाने क्यों खोलने की बात कर रही है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा आज शराब खपत बढ़ाने में लगी है। इसके लिए शराब नीति बदलती है, इसके लिए अंग्रेजी शराब दुकान में देशी व देशी शराब दुकानों में अंग्रेजी शराब बेचने का निर्णय किया जा रहा है। पिछले साल ६७ शराब दुकान खोली गईं थी, इस साल फिर ३५ दुकान खोली जाने वाली हैं। ऐसा होता रहता है जो विपक्ष में होता है वह सत्तारूढ़ दल को याद दिलाता रहता है कि कभी उसने क्या वादा किया था। सरकार वह वादा पूरा नहीं करती है तो उसे बार बार याद दिलाया जाता है कि आपने चुनाव में महिलाओं से वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो राज्य में पूर्ण शराबबंदी की जाएगी।सरकार बनने के बाद वह अपने वादे से मुकर गए और कहने लगे कि साल २०१८ में महिलाओं का दवाब था कि प्रदेश में शराबबंदी हो।हम उनकी सभा में थे हमने भी घोषणा कर दी। इसके अलावा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भी शराबबंदी की मांग होती रही।यह बातें सीएम भूपेश बघेल ने राजधानी के रायपुर के प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि शांति सरोवर में नशामुक्ति अभियान की शुरुआत करते कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि सीएम होने के नाते वह आज ही शराब दुकान बंद करा सकते हैं लेकिन क्या यह समस्या का समाधान है।यानी वह भूपेश बघेल जो महिलाओं का वोट लेने के लिए शराबबंदी का वादा करते हैं, सरकार बनने के बाद लगता है कि यह तो समस्या का समाधान नहीं है। इसके बाद सीएम भूपेश बघेल ने अपने आपको नशे के खिलाफ बताते हुए लोगों का ध्यान शराबबंदी से हटाने के लिए यह कहना शुरू किया कि शराब से ज्यादा खतरनाक तो सूखा नशा है।शराब तो नशे का ही हिस्सा है।अगर सभी नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा तो माहौल बनेगा।इससे शराबबंदी भी हो सकती है और नशामुक्ति भी हो सकती है।नशामुक्ति में तो शराब,गांजा,सिगरेट,तंबाकू सब आते हैं।इसलिए सीएम बघेल ने राज्य शराबबंदी के वादे से लोगों का ध्यान हटाने के लिए नशामुक्ति का अभियान चलाने को कहा था। एक तरफ उनके राज में नशामुक्ति अभियान चलाने की बातें होती रही और दूसरी तरफ हजारों करोड़ का शराब घोटाला होता रहा यानी एक तरफ लोगों को नशामुक्ति की बातें की जा रही थी और दूसरी तरफ हजारों करोड़ रुपए की अवैध शराब बिक्री भी की जाती रही और उसी कांग्रेस पार्टी के लोग आज कह रहे हैं कि भाजपा शराब की खपत बढ़ा रही है। शराब से ज्यादा से ज्यादा कमाई कर रही है। जहां तक शराब से कमाई की बात है तो ऐसी कोई सरकार आज तक किसी राजनीतिक दल की नहीं हुई है जिसने राज्य की शराब से होने वाली कमाई कम करने की कोशिश की है। कांग्रेस २०१८ से २०२३ तक सत्ता में रही।क्या उसने शराब से होने वाली कमाई कम करने का कोई प्रयास किया। उसने ऐसा कोई प्रयास नहीं किया बल्कि उसने वादा तो शराबबंदी का किया लेकिन शराब से कमाई तो उसने भी बढा़ने की पूरी कोशिश की। आंकड़े इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस के समय भी शराब से होने वाली आय बढ़ी थी।२०-२१ में शराब से राजस्व ४६३९ करोड़ तो २२-२३ में बढ़कर ६७८३ करोड़ रुपए हो गया था। माना जा सकता है कि हर सरकार की कोशिश रहती है कि शराब से कमाई हर साल एक दो हजार करोड़ बढे ताकि सरकार को जो खर्च बढ़ता है,उसकी भरपाई की जा सके। जो सब सरकारें करती है, वही साय सरकार भी कर रही है। वह भी अपने खर्च के लिए शराब से कमाई कर रही है। इसलिए इसे तो गलत नहीं कहा जा सकता। गलत को तब होता जब कोई राजनीतिक दल एक तरफ चुनाव घोषणापत्र में वादा करता है उनकी सरकार बनेगी तो वह शराबबंदी करेंगे और सरकार बनने के बाद वह शराबबंदी की जगह शराब से ज्यादा कमाई भी करता है और शराब घोटाला भी होने देता है। यानी वैध रूप से तो वह शराब की खपत बढ़ाता ही है, अवैध रूप से भी शराब की खपत को बढ़ाता है ताकि उसे वैध के साथ अवैध कमाई भी होती रहे। वैध कमाई से सरकार का खर्च चलता रहे और अवैध कमाई से पार्टी का काम चलता रहे। साय सरकार के समय शराब से वैध कमाई हो रही है तो यह कोई अपराध नहीं है,बुरी बात नहीं है क्योंकि सभी सरकारे शराब से वैध कमाई करती है और उसका उपयोग जनता के भले के लिए किया जाता है। साय सरकार ने कभी शराबबंदी का वादा नहीं किया यह जनता जानती है इसलिए कोई कितना भी कहे कि शराबबंदी की बात करनेवाली भाजपा शराबबंदी नहीं कर रही है तो कोई विश्वास नहीं करने वाला है।

### विश्व सामाजिक न्याय दिवस

# असमानताओं पर प्रहार, समानता का विस्तार: एक सार्थक पुकार

**ललित गर्ग**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व सामाजिक न्याय दिवस आज के समय में केवल



असमानताओं पर प्रहार एवं समानता के विस्तार की एक सार्थक पुकार का अंतरराष्ट्रीय आयोजन ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का आह्वान है। वर्ष 2026 में यह दिवस विशेष महत्व ग्रहण कर रहा है, क्योंकि विश्व तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था, तकनीकी संक्रमण, जलवायु संकट, राजनीतिक ध्रूवीकरण और सामाजिक असमानताओं के बीच नई संतुलित व्यवस्था की तलाश में है। इस वर्ष की थीम "समावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना" हमें यह याद दिलाता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह समावेशी हो और समावेशन तभी प्रभावी है जब वह न्यायपूर्ण हो। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल अवसरों की समानता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक व्यवस्था की स्थापना का आग्रह करता है जिसमें संसाधनों, अधिकारों और गरिमा का निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित हो। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा की समान उपलब्धता नहीं मिलती, तब तक प्रगति अधूरी है। 2026 की थीम विशेष रूप से उन समुदायों की भागीदारी पर बल देती है जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं-चाहे वे आर्थिक रूप से वंचित हों, सामाजिक रूप से उपेक्षित हों या राजनीतिक रूप से प्रतिनिधित्व से दूर हों। समावेशन का सशक्तिकरण केवल नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि निर्णय-प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का अधिकार है।

आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई कई रूपों में दिखाई देती है। एक ओर तकनीकी क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, तो दूसरी ओर पारंपरिक श्रम-आधारित रोजगार असुरक्षित होते जा रहे हैं। डिजिटल विभाजन नई सामाजिक दूरी का कारण बन रहा है। ग्रामीण और शहरी, विकसित और विकासशील, पुरुष और महिला, सक्षम और दिव्यांग-इन सबके बीच संसाधनों की असमान पहुंच सामाजिक तनाव को जन्म देती है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय का अर्थ है इन अंतरों को पहचानना और उन्हें पाटने के लिए लक्षित, संवेदनशील और पारदर्शी नीतियों का निर्माण करना। सम्मानजनक कार्य की अवधारणा भी सामाजिक न्याय के केंद्र में है। केवल रोजगार उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा कार्य-संस्कृति बनाना आवश्यक है जिसमें उचित वेतन, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। आर्थिक विकास तभी टिकाऊ हो सकता है जब वह मानव गरिमा के साथ जुड़ा हो। यदि विकास केवल आंकड़ों में सीमित रह जाए और आम नागरिक के जीवन में राहत न ला सके, तो वह विकास नहीं, केवल विस्तार है।

मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र इस युग की अनिवार्यता बन चुका है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि संकट किसी भी समाज को अचानक अस्थिर कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट और आर्थिक मंदी से निपटने के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। वृद्धजन, दिव्यांग, महिलाएं, बच्चे और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक-इन सभी के लिए संरक्षित ढांचा ही न्यायपूर्ण समाज की नींव है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में सामाजिक न्याय का विचार ऐतिहासिक और संवैधानिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। भारतीय संविधान ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों के माध्यम से एक ऐसे समाज की कल्पना की है जहां जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव न हो। आज भी सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल आर्थिक असमानता तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक पूर्वाग्रहों, लैंगिक भेदभाव, क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक असमानताओं से भी जुड़ा है।

समकालीन भारत में सामाजिक न्याय के संदर्भ में विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों के माध्यम से वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और नशा-पीड़ित व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। सरकार का दृष्टिकोण यह रहा है कि सामाजिक न्याय विभाजन की राजनीति नहीं, बल्कि समावेशन की नीति के माध्यम से स्थापित हो। "संतुष्टिकरण" बनाम "तुष्टिकरण" की अवधारणा इसी दिशा में एक वैचारिक संकेत है, जो समाज को जोड़ने की बात करती है। फिर भी चुनौतियां शेष हैं। महंगाई, बेरोजगारी, पर्यावरणीय संकट और बढ़ती जीवन-यापन लागत आम नागरिक के लिए वास्तविक कठिनाइयां उत्पन्न करती हैं। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं, बल्कि जनसंतोष और जनकल्याण सुनिश्चित करना है। यदि नागरिक स्वयं को असुरक्षित, असमान या उपेक्षित अनुभव करें, तो सामाजिक न्याय का आदर्श खोखला प्रतीत होने लगता है।

आज आवश्यकता है कि सामाजिक न्याय को केवल राजनीतिक नारे के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व के रूप में देखा जाए। हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि 'यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं।' रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि 'मनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है।' लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। शासन और प्रशासन की प्रत्येक नीति का अंतिम लक्ष्य मानव कल्याण होना चाहिए। यदि शक्ति के स्रोत जनहित में प्रयुक्त न हों, तो वे असंतोष और अविश्वास को जन्म देते हैं। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। क्या हमारा लोकतंत्र समानता का लोकतंत्र है या विभेद का? क्या हमारी स्वतंत्रता सबके लिए समान अवसर लेकर आई है या केवल कुछ वर्गों तक सीमित है? क्या हमारी नीतियां पारदर्शिता और नैतिकता पर आधारित हैं या वे जटिलता और असमानता को बढ़ा रही हैं? इन प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से खोजना ही इस दिवस की सार्थकता है।

सामाजिक न्याय केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जाति, धर्म, वर्ग और लिंग के भेद से ऊपर उठकर यदि नागरिक परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करें, तो सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ किया जा सकता है। शिक्षा संस्थान, नागरिक संगठन, धार्मिक और सांस्कृतिक मंच-सभी को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा और डिजिटल नवाचार नए अवसर प्रदान कर रहे हैं, वहीं यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन अवसरों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। अन्यथा विकास की गाड़ी कुछ लोगों को आगे ले जाएगी और शेष को पीछे छोड़ देगी। समावेशन का सशक्तिकरण इसी असंतुलन को रोकने का प्रयास है। प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक् समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

2026 का यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि न्याय और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग सामाजिक न्याय से होकर ही गुजरता है। यदि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान, सुरक्षा और अवसर के साथ जीवन जी सके, तभी हम कह सकेंगे कि हमने सामाजिक न्याय के आदर्श को साकार किया है। इस तरह सामाजिक न्याय केवल नीति का प्रश्न नहीं, बल्कि चेतना का प्रश्न है। यह हमारे विचारों, व्यवहार और निर्णयों में परिलक्षित होना चाहिए। जब नागरिक और शासन दोनों मिलकर समानता, गरिमा और अवसर की संस्कृति का निर्माण करेंगे, तभी विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होगी। समावेश को सशक्त बनाकर और असमानताओं की खाई को पाटकर ही हम एक ऐसे समाज की रचना कर सकते हैं जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक मानवीय और अधिक स्थायी हो।

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें। पारिवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा। आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नवविवाहितों को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें। आज घर में शांति बनी रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा। जीवनसाथी आज आपको नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी दें सकते है। जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होगी।

कर्क राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखूबी निभायेंगे। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा और आपका रुका हुआ पूरा पैसा आपको वापस मिलेगा। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी। जो काम कठिन है, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार-विमर्श करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें। आज जितनी पक्की आप योजना बनाएंगे, सफलता मिलने की संभावनाएं उतनी ज्यादा होंगी। बच्चों को अपना टाइम दे जिससे उनका प्यार आपको ज्यादा से ज्यादा मिल सकें।

धनु राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे, जिससे उनके काम पूरे होंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। रुका हुआ काम पूरा होगा आपको मानसिक शांति मिलेगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही परेशानियाँ जल्द ही दूर होंगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि :आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त होगी। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

## सू- दोकू क्र.322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.321का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -322

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. टुड्डी पर के बाल, टुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर विशेष

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

**छगन लाल लोन्हारे,(उप संचालक जनसंपर्क)**

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। श्री विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।

केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी।

प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल श्री विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही सम्भव कर सकते हैं।

श्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के



अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत्-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है।

डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है। मुख्यमंत्री श्री साय जनता के बीच और हर समुदाय के बीच एक ऐसा पुल बनाना जानते हैं जिससे सभी एक दूसरे से जुड़ सके और सभी प्रदेश के हित में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह भी कर सके। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय पद्रेश की जनता को समर्पित कर यह सिद्ध कर दिया है कि उनका जीवन केवल उनका नहीं है अपितु प्रदेश की जनता की निः स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित है। वे सही मायने में एक ऐसे जननेता हैं जिनके लिए जनता ही सब कुछ हैं। ऐसे सेवाभावी और लोकप्रिय जनसेवक बहुत कम होते हैं जिनके लिए जनता का विकास और जनता का साथ ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का अब तक का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, समर्पित और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा हो तो विकास की राह कठिन नहीं होगी।

## एक नजर

### ग्राम छोटे हडमामुण्डा में लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई

**दंतेवाड़ा,20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के ग्राम छोटे हडमामुण्डा में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस किया गया। जिसमें कटेकल्याण जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री हिड़मा कवासी एव ग्रामीण तथा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरंभ में जल अर्पण दिवस का उद्देश्य, उसके संचालन संधारण तथा उसके दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित अध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण द्वारा शहर घर जल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, तथा दस्तावेज सौपे गये। मौके पर अध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण द्वारा स्थानीय बोली में ग्रामवासियों शासन की योजनाओं विशेषकर जल जीवन मिशन की महत्ता पर प्रकाश डालने के साथ-साथ योजना के सफल संचालन, संधारण में पंचायत एवं ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा किया गया। अंत में अध्यक्ष जनपद पंचायत ने पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण तथा पेयजल के सदुपयोग का शपथ दिलाया।

### ग्राम पंचायत कौरगांव, तुमरी गुण्डा एवं चेरपाल का जिला पंचायत सीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज कौरगांव, तुमरी गुण्डा तथा चेरपाल ग्राम पंचायतों का जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होने सबसे पहले निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता एवं गति का आकलन किया गया। तथा जिन हितग्राहियों के आवास अपूर्ण पाए गए, उन्हें शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों को भी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और बच्चों की सुविधाओं, कक्षाओं की स्थिति तथा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु शिक्षकों को हिदायत दी। अपने इस निरीक्षण भ्रमण में सीईओ ने उपस्थितों से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इस क्रम में सीईओ ने ग्राम तुमरीगुण्डा में संचालित आधार पंजीयन शिविर का भी निरीक्षण किया गया और शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा आधार पंजीयन प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री बलराम ध्रुव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कला और संस्कृति की जानकारी लेने गुजरात जायेंगे प्रेरणा उत्सव के चयनित विद्यार्थी

**बीजापुर 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के होनहार छात्र छात्रा भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रेरणा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुजरात के बड़नगर जाकर प्रेरणा उत्सव के चयनित 2 बच्चे भारत के कला एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त करेंगे। बच्चों का चयन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में विभिन्न योग्यता का आकलन कर प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया। चयनित छात्र राहुल ओयाम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर एवं छात्रा निशा यादव स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैरमगढ़ को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय अरुण कुमार, डीईओ श्री एलएल धनेलिया ने चयन होने की बधाई देते हुए भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित बच्चों के आने जाने एवं रहने तथा भोजन की व्यवस्था नवोदय विद्यालय समिति के माध्यम से किया जाएगा।

# गौ तस्करों से छुड़ाए गए 56 गौवंश पातररास गोठान से गायब

- गौरक्षकों ने मटेनार में तस्करों से छुड़वाकर गौवंशों को पालिका प्रशासन को सौंपा था
- नगर पालिका नहीं खिला पाई दाना-चारा तो छोड़ दिया गौवंशों को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**दंतेवाड़ा 19 फरवरी।** बीते माह 9 जनवरी को विहिप दंतेवाड़ा के गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने गौवंशों की तस्करी होने की सूचना पर पीछा कर मटेनार से 56 गौवंशों को तस्करों से छुड़वाया था। पुलिस ने गौ तस्करों पर कारवाई करते हुए उन्हें जेल भी भेजा था। ईधर छुड़ाए गए गौवंशों को पुलिस प्रशासन ने नगर पालिका पालिका को सुपुर्द कर दिया था।

तस्करों के चंगुल से छुड़ाए गए 56 गौवंशों को पातररास में स्थित नगर पालिका की गाय गौठानों में ले जाकर रखवाया गया था। मात्र दों दिनों तक ही गौठान में रखकर पालिका के कर्मचारियों ने गाय बैलों को चारा खिलाया उसके बाद बिना किसी को जानकारी दिए गौठानों से उन्हें छोड़ दिया गया। अब सवाल यहां यह उठता है कि आखिर आज तस्करों से छुड़ाए गए गौवंश कहां है? किसकी अनुमति से उन्हें छोड़ा गया? कहीं ऐसा तो नहीं कि तस्करों से पुनः सांठगांठ कर उन्हें उनके ही सुपुर्द कर दिया गया हो? पालिका प्रशासन को जवाब देना चाहिए। गौठानों से नदारद हुए गौवंश के बारे में आज जिम्मेदार नगर पालिका कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं है। नगर प्रशासन की इस कृत्य से सरकार की गौधाम योजना की कलई भी खुल गई। योजना पर पलीता स्वयं सरकार के मातहत उनके अधिकारी ही लगा रहे हैं। ईधर विहिप/गौरक्षा दल के गौ सेवकों का आरोप है कि उन्होने बड़ी मुश्किल से अपनी जान को दांव पर लगाकर गौवंशों को तस्करों से मुक्त करवाया था वहीं नपा प्रशासन की लापरवाही एवं अकर्मण्यता के चलते गौवंशों को जबरन गौठानों से भगा दिया गया है। इस कृत्य के लिए जिम्मेदार नगर पालिका पर जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# संभागायुक्त डोमन सिंह ने भानुप्रतापपुर में मावा मोदोल, पुनर्वास केन्द्र का किया निरीक्षण

## पीएससी के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर किया मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 20 फरवरी।** बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह आज जिले के चारामा-भानुप्रतापपुर क्षेत्र के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम चपेली में लाख उत्पादन एवं संग्रहण केन्द्र, भानुप्रतापपुर में मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्था तथा ग्राम चौगेल (मुल्ला) में माओवाद पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन व निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कमिश्नर ने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

**विद्यार्थी मेहनत करें, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता:** संभागायुक्त श्री सिंह दोपहर को विकासखण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में स्थित मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्था एवं हाईटेक लाइब्रेरी का अवलोकन किया। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेहतर माध्यम बताया। इस दौरान श्री सिंह ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से रूबरू होकर मार्गदर्शन किया। साथ ही क्लासरूम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे पूरी शिद्दत से पाठ्यक्रमों पर मेहनत करें, क्योंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आज के दौर में विभिन्न सुविधाओं के साथ-साथ कॉम्पीटिशन भी बढ़ गया है। बस्तर कमिश्नर ने सभी विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही है, जो जीवन में आमूल-चूल और सकारात्मक परिवर्तन लाती है। अतः जीवन में शिक्षा बहुत ही आवश्यक है।



कमिश्नर श्री सिंह ने भानुप्रतापपुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान ग्राम चौगेल (मुल्ला) स्थित माओवाद पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आत्मसमर्पित माओवादियों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी मांग अनुसार जरूरी सुविधाएं विकसित करने के लिए जिला पंचायत के सीईओ और नोडल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मूलभूत सुविधाओं सहित नए ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया। आत्मसमर्पित माओवादियों की मांग के अनुसार उन्नत कृषि, बागवानी, मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, शूकर पालन आदि का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदाय करने के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार करने हेतु नोडल अधिकारी श्री अहिरवार को निर्देशित किया। साथ ही कार्यालयीन उपयोग हेतु बस्ता निर्माण का भी प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। उन्होंने विशेष तौर पर सभी के आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा बैंक में खाते अनिवार्य रूप से खोलने के लिए भी निर्देशित किया। कमिश्नर ने पूरे परिसर में आवश्यक साज-सज्जा करने तथा रिनोवेट कराने के लिए जिला सीईओ को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणरत 39 आत्मसमर्पित माओवादियों को ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस और 06 को राशन कार्ड मौके पर वितरित किए। नोडल अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को चार पहिया वाहन चालन, सिलाई, सहायक इलेक्ट्रिशियन तथा काष्ठशिल्प पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही नियमित रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा भी दी जा रही है।

इसके पहले, कमिश्नर श्री सिंह चारामा विकासखंड के ग्राम चपेली स्थित लाख उत्पादन एवं संग्रहण केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे लाख उत्पादन और स्वरोजगार से लाभ की जानकारी ली। मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती मालती मंडावी ने बताया कि 10 सदस्यीय समूह के द्वारा लाख का उत्पादन लगभग 8-10 सालों से किया जा रहा है। इसके पहले पूर्वजों के द्वारा पारंपरिक तौर पर लाख की खेती की जाती थी। समूह की महिलाओं ने बताया कि लाख का उत्पादन प्रायः कुसुम, बेर के पेड़ अथवा बौनी प्रजाति के सेमियालता के पौधों में किया जाता है। इसके लिए शाख कर्तन कर उसमें लाख के बीज रोपित किए जाते हैं और कीड़े के प्रोसेस से लाख तीन से छह महीने में लाख तैयार हो जाता है। इसके बाद पेड़ की छोटी-छोटी शाखाओं को काटकर उनके सूखने के बाद उसे अलग किया जाता है। संभागायुक्त के द्वारा इसके विपणन के संबंध में पूछे जाने पर महिलाओं ने बताया कि वर्तमान में यह झारखंड के रांची की निजी फर्मों के द्वारा 1000-1100 रुपए प्रति किलो के मान से खरीदा जाता है। अगर इसकी प्रोसेसिंग की जाती है तो गुणवत्ता के आधार पर यह 1400-1500 रुपए प्रतिकिलो की दर से भी बिकता है। कमिश्नर श्री सिंह ने इसके विपणन की मध्यस्थता समाप्त करते हुए समूह के द्वारा प्रत्यक्ष मार्केटिंग के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ श्री मंडावी को दिए। साथ ही और भी महिलाओं का समूह तैयार कर लाख उत्पादन व संग्रहण से जोड़ते हुए आय अर्जित कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कुसुम, बेर और सेमियालता में लगाए गए लाख का भी अवलोकन किया। जिला प्रवास के दौरान बस्तर कमिश्नर श्री सिंह ने भानुप्रतापपुर विकासखंड मुख्यालय के जनपद पंचायत के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं और गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

## पुलिस ने गुमशुदा बसंती निषाद को सुरक्षित घर पहुंचाकर जीता सबका दिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 20 फरवरी।** पुलिस केवल कानून व्यवस्था संभालने वाली संस्था नहीं, बल्कि संवेदनाओं की सच्ची प्रहरी भी है। इसका प्रेरक उदाहरण तब सामने आया जब बचेली पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं गुमशुदा युवती बसंती निषाद (उम्र 20 वर्ष) को न सिर्फ उपचार दिलाया, बल्कि सुरक्षित उसके गृह ग्राम पहुंचाकर परिजनों को सुपुर्द किया। दिनांक 18-02-2026 को पेट्रोलिंग के दौरान सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर को लेबर हाटमेंट क्षेत्र में एक युवती तेज बुखार और असहाय स्थिति में मिली। तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया। युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपना पता बताने में असमर्थ थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के निर्देशन में पुलिस टीम ने स्थानीय बाजार, सरहदी थानों, अन्य जिलों और सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान की कोशिशें तेज कीं। प्रयास सफल रहे और युवती की पहचान नानगुर ठोठापारा, जगदलपुर निवासी बसंती निषाद के रूप में हुई। परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बचेली नहीं आ सके। ऐसे में बचेली पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए एनएमडीसी बचेली के अधिकारी सौरभ कुमार के सहयोग से वाहन की व्यवस्था की और स्वयं युवती को उसके घर पहुंचाकर माता-पिता को सकुशल सौंप दिया।

इस कार्य में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर, ज्योति बंजारे, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी ध्रुव, महिला आरक्षक उषा सिंह, मीनाक्षी ध्रुव एवं जया पॉल की सराहनीय भूमिका रही। बचेली पुलिस की यह पहल न केवल कर्तव्यनिष्ठा, बल्कि संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण है–जिसने आमजन का विश्वास और सम्मान दोनों ही मजबूत किए हैं।

## बैंकों ने एमएसएमई उद्यमियों को योजनाओं की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 20 फरवरी।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा बैंको के सहयोग सहयोग से रैम्प योजना के अंतर्गत कांकेर में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों, पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना और स्टार्टअप्स के हितग्राहियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंकों जैसे केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक ऑफबड़ौदा सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों सहित जिला पंचायत व जनपद पंचायत के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और सीजीटीएमएसई के लाभों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी वित्तीय समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री टंकेश्वर देवांगन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी बैंकों, उपस्थित उद्यमियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन एवं स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन करने वाले शराब कोचिया के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 20 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश पर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों/तस्करों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उसी कड़ी में 19 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी राज नंदेश्वर द्वारा शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब लेकर अपने मोटर सायकल से बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम राका मोड़ पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसमें आरोपी के कब्जे से 16 पाव रोमीओ देशी मदिरा, 16 पाव जम्बू स्पेशल व्हिस्की, मोटर सायकल पल्सर की जप्ती बनाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतोष जायसवाल, उप निरीक्षक रोहित खूंटे, आरक्षक अविलेश दीदी एवं किशन कुमार चंद्र का सराहनीय योगदान रहा।

## डंकिनी नदी पुल पर लगी सुरक्षा रेलिंग टूटी, दुर्घटना की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 20 फरवरी।** डंकिनी नदी ब्रिज पर सुरक्षा के लिए बनाए गए सेफटी रेलिंग बीते कुछ महिनों से टूटी पड़ी है जिसे ठीक कराने की सुध प्रशासन को नहीं है। जिला पंचायत सीईओ सर के बंगले के ठीक सामने ही छोटी पुलिया की तरफ ब्रिज पर बने सेफटी रेलिंग कई महिनों पूर्व ही टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे रेलिंग का एक छोर मुडकर सड़क की तरफ बाहर आ गया है। हालांकि रेलिंग का निकला हुआ हिस्सा सड़क से काफी दूर है जिससे राहगिरों को कोई दिक्कत नहीं हो रही मगर देखने में काफी खराब लग रहा है। भविष्य में कभी भी कोई लापरवाहीपूर्वक बड़ी वाहन चलाने की वजह से इस टूटे हुए रेलिंग से टकरा भी सकता है। ये दिखने में भले ही छोटी एवं मामुली सी समस्या लग रही हो मगर जब इसके वजह से कोई हादसा होगा तो जानमान का बड़ा नुकसान हो सकता है। लिहाजा समय रहते इसकी मरम्मत कर ली जानी चाहिए। सीईओ जयंत नाहटा को भी इस ओर ध्यानाकर्षण करवा दिया गया है उम्मीद है जल्द ही इस क्षतिग्रस्त सुरक्षा रेलिंग को दुरूस्त करवाने की दिशा में प्रशासन कोई पहल करेगा।

# छह माह से गायब गणित की महिला व्याख्याता, परीक्षा सर पर, छात्राओं की मुश्किलें बढ़ी

## डीईओ को पूरी जानकारी होने के बावजूद नहीं कर रहे कोई कार्रवाई

- उल्टे लापरवाह शिक्षिका की गलतियों को ढकने का किया जा रहा प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 फरवरी।** शहर के कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल में गणित विषय की व्याख्याता शर्मिष्ठा महापात्र पिछले छह महीनों से बिना किसी सूचना के लापता हैं, जिससे छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बोर्ड परीक्षा अगले माह से शुरू होने जा रही है। गणित विषय कंप्लीट नहीं हो पाने से छात्राओं की चिंताएं बढ़ गई है। अभिभावकों और छात्राओं का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कोई भी ठोस कार्रवाई व्याख्याता के खिलाफ नहीं कर रहे।




बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करने वाली सरकार की सरकारी विद्यालयों में आज पढ़ाई की क्या स्थिति है जानना समझना हो हो तो कहीं दूर नहीं जिला मुख्यालय की कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में जाकर देख सकते हैं। यहां गणित विषय की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और कलेक्टर को लिखित शिकायत भी दी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई, तो छात्राओं का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो सकता है।गणित जैसे अति महत्वपूर्ण विषय में उनका नंबर कम आ सकता है अथवा पेपर बुरी तरह से बिगड़ सकता है। अगर ऐसी स्थिति हम छात्राओं के साथ निर्मित होती है तो उसका जिम्मेदार व्याख्याता शर्मिष्ठा महापात्र के साथ साथ पूरा प्रशाशन होगा। छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा तत्काल गणित शिक्षक की नियुक्ति की जाए।

इस मामले में विद्यालय प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, किंतु स्कूल की प्रिंसपल भी छुट्टी में होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सका।जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर भी इसको लेकर नरम रुख अपनाए हुए हैं। केवल कार्यवाही का राग अलाप रहे हैं मगर कोई जांच करवाई नहीं कर रहे। इधर अभिभावकों एवं छात्राओं ने कहा है कि अगर कार्यवाही नहीं की जाती है तो शासन स्तर तक भी जाकर वे इस मामले की शिकायत करेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी जिला प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर छात्राओं के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## नेशनल लोक अदालत का मोबाइल वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा

**कांकेर, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार टामक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से शहर में मोबाइल वैन के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु पाम्प्लेट भी वितरित किए जा रहे हैं।

मोबाइल वैन के माध्यम से नागरिकों को लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर प्रकरणों के त्वरित सरल एवं निःशुल्क निराकरण की जानकारी दी जा रही है तथा अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बैंक ऋण प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक पारिवारिक विवाद, बिजली-पानी बिल संबंधी मामले, चेक बाउंस प्रकरण सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का निराकरण किया जाएगा।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को, परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी

# रायगढ़ के 14 परीक्षा केंद्रों पर 3,515 अभ्यर्थी दिलाएंगे परीक्षा

- **परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा से 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुँचना अनिवार्य**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायगढ़, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए रायगढ़ में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 3, 515 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम/सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है वे अपने नाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने पास केवल निम्न वस्तुएं रख सकेंगे। इनमें लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल, केवल संबंधित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट, मूल पहचान पत्र जैसे-मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अथवा ई-आधार कार्ड, यदि प्रवेश पत्र परीक्षा का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 2 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन, ऐसी विवरणात्मक परीक्षा जिसमें चित्र बनाए जाने की आवश्यकता हो तब इस हेतु आयोग द्वारा एचबी पेंसिल के प्रयोग की अनुमति होगी। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर उनके विरूद्ध अनुचित साधन के प्रयोग का प्रकरण बनाया जा सकेगा।




अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल, स्मार्ट वॉच ) धारण करने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते है। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्मे, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्में पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित जिला कार्यालय के माध्यम से सहलेखक की अनुमति प्राप्त हो, के मामले में संबंधित सहलेखक को भी अभ्यर्थियों हेतु जारी सारे निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांध वाले कपड़े पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले सकते है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाइनर कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट या अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिए। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म/रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों को छोड़कर अन्य आभूषण/प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी। उक्तानुसार किसी भी आभूषण/प्रतीक के धारण किए जाने की अनुमति गहन जांच के अधीन दी जाएगी। निर्दिष्ट सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपनी स्वयं की जिम्मेदारी एवं व्यवस्था के अनुसार उक्त सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण को परीक्षा केन्द्र के बाहर रखने को व्यवस्था करेंगे। परीक्षा केन्द्र के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का सहयोग प्राप्त नहीं होगा तथा उनके द्वारा उक्त के सुरक्षित संधारण हेतु किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं ली जाएगी।

सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिससे उनकी मेटल डिटेक्टर व मैन्युअव तलाशी/फ्रिस्किंग, मूल पहचान पत्र के साथ उनके प्रवेश पत्र का सत्यापन तथा उनके चेहरे के मिलान का कार्य किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार/गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश तथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी। आबंटित परीक्षा केन्द्र के मख्य द्वार/गेट बंद होने के पूर्व जो अभ्यर्थी संबंधित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले चुके है केवल उन्हें ही संबंधित परीक्ष कक्ष से परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष के अंदर भी आवश्यकतानुसार तलाशी/फ्रिस्किंग की जा सकेंगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा के दौरान कैलक्यूलेटर, लॉग टेबल, मोबाइल फोन, पेजर, स्मार्टवॉच तथा किसी भी प्रकार के संचार साधन रखना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच या अन्य कोई संचार साधन प्रतिबंधित है। यदि परीक्ष केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच या अन्य कोई संचार साधन पाया जाता है तो संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध अनुचित साधन के प्रयोग का प्रकरण दर्ज किया जाएगा, चाहे अभ्यर्थी द्वारा उक्त साधन का प्रयोग किया गया हो अथवा नहीं।

## दहदहा शाला में बच्चों के हाथों पर खरोंच मामले में त्वरित कार्रवाई से विद्यालयीन वातावरण सुरक्षित और संतुलित

- **विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरिः चिकित्सकीय परीक्षण एवं परामर्श से स्थिति स्पष्ट**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**धमतरी 20 फरवरी।** धमतरी जिले अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला दहदहा, विकासखंड-कुरूद में 13 फरवरी को प्राप्त सूचना के आधार पर निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लगभग 35 छात्र-छात्राओं के हाथों पर हल्के खरोंच के निशान पाए गए। सम्बधित छात्रो से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि उक्त खरोच अलग-अलग स्थान, समय यथा-घर, शाला या गाँव में पृथक-पृथक समय कुछ एक वर्ष पूर्व कुछ 06 माह पूर्व कुछ तीन माह पूर्व एवम् कुछ 15 से 20 दिन पहले निशान बनाये गये है।

सभी बच्चों को डाक्टर की टीम द्वारा परीक्षण कराया गया, बच्चे सेपटीपिन से हाथो में खरोच लगाये थे। सभी बच्चे वर्तमान में मानसिक एवम् शारिरिक रूप से स्वस्थ है तथा किसी प्रकार का गंभीर चोट या मानसिक रूप से पीड़ित नही है एवम् किसी प्रकार की चिकित्सा की जरूरत नहीं है।

वर्तमान में खरोंच के निशान भी लगभग समाप्त हो चुके हैं।बच्चों एवं पालकों से विस्तृत चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि घटना का नशे, अंधविश्वास अथवा काला जादू से कोई संबंध नहीं है। विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कर उन्हें इस प्रकार के व्यवहार के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। साथ ही पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर सभी को जागरूक किया गया तथा घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सतत निगरानी एवं मार्गदर्शन के निर्देश संस्था प्रमुख को दिए गए हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

बच्चों एवं पालकों से चर्चा अनुसार नशे या कालाजादू का कोई सबंध नही है। छात्रों का कॉऊसिलिग में उक्त घटना बच्चे द्वारा एक-दूसरे का देखा-देखी किये जाने का अवगत कराया गया। वर्तमान में अधिकतम बच्चो के खरोच का निशान भी मिट चूके है। बच्चों के पालको, शाला प्रबंधन समिति एवम् ग्रामवासियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित कर घटना की पुनरावृत्ति न हो पाये इस हेतु पालको एवं शाला प्रबंधन समिति को जागरूक किया गया एवम् बच्चो का सतत निगरानी किये जाने के निर्देश संस्था प्रमुख का दिये गये है।

विद्यालय में जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान स्थिति पूर्णतः सामान्य है तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित हो रही हैं।

## एक नजर

### निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन पर राजनीतिक दलों की बैठक 21 फरवरी को

**रायगढ़, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आवश्यक बैठक 21 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा उपस्थित प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी।

### शासकीय आईटीआई घरघोड़ा में प्लेसमेंट कैंप 24 को, 480 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 24 फरवरी, मंगलवार को प्रातः 10 :30 बजे से शासकीय आईटीआई परिसर, घरघोड़ा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र की विभिन्न रिक्तियों को भरने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप में शामिल होने के लिए आवेदक का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इस प्लेसमेंट कैंप में.परिश्रम रिसोर्स प्रा. लि., गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा मीटर इंस्टॉलर एवं सुपरवाइजर के 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आईटीआई एवं नॉन आईटीआई अभ्यर्थी पात्र होंगे तथा वेतनमान 15, 000 से 25, 000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। इसके अतिरिक्त में.एसबीआई लाइफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रायगढ़ द्वारा लाइफमित्र के 120 पद (योग्यता 10वीं पास, वेतनमान 5, 000 से 10, 000 रुपये), सेल्स ऑफिसर के 40 पद (योग्यता स्नातक, वेतनमान 15, 000 से 20, 000 रुपये) तथा डेवलपमेंट ऑफिसर के 20 पद (योग्यता स्नातक, वेतनमान 20, 000 रुपये प्रतिमाह) पर भर्ती की जाएगी।

### सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**धमतरी, 20 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए 13 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट (www.joinindianarmy.nic.in) पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 01 अप्रैल 2026 तक संचालित की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिसूचना के अंतर्गत अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेड्समैन (दसवीं पास), ट्रेड्समैन (आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# जिले में 1 मार्च से लगेगा समाधान शिविर जन समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

- **शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार कर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर जोर**
- **पेयजल समस्या वाले ग्रामों को चिन्हांकित कर गर्मी में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश**
- **रोजगार, आवास, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क एवं सामाजिक योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**रायगढ़, 20 फरवरी।** जिले में समग्र विकास सुनिश्चित करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि और पेयजल सहित बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभी जनपदों के जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यगण, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। विधायक विद्यावती सिदार ने योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 01 मार्च से समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को कार्ययोजना तैयार कर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा शिविरों का व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या वाले ग्रामों को चिन्हांकित कर वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, विकासखंड मुख्यालयों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध रखने तथा खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने और मैदानी क्षेत्रों सहित हाथी प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत तारों की मरम्मत कर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, पेयजल और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ अंतर्गत लगभग 1015 किसानों को तिलहनी फसलों के प्रोत्साहन हेतु ऑयल सीड उपलब्ध कराया गया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 12 सड़कों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से अधिकांश का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, कापू और धरमजयगढ़ क्षेत्रों में 126 स्वास्थ्य केंद्र भवनों तथा 75 से अधिक स्कूल भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज, लखपति दीदी तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की जानकारी दी और बताया कि अधिकांश लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

## 500 सीटर अत्याधुनिक नालंदा परिसर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**धमतरी 20 फरवरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी शहर के हटकेश्वर वार्ड में प्रस्तावित 500 सीटर नालंदा परिसर का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को सभी जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भूमि की उपलब्धता बजट एवं निविदा प्रक्रिया संबंधी जानकारी भी अधिकारियों से ली।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 11 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से 0.60 हेक्टेयर भूमि पर बहुमंजिला नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व स्वीकृत 250 सीटर भवन को बढ़ाकर 500 सीटर किया गया है। परिसर में ई-लाइब्रेरी, वाई-फाई, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, लिफ्ट, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्कृष्ट अध्ययन वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, अभियंता जगत के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए रायगढ़ में 'टेली मानस' और 'टोरेंट प्रोजेक्ट' से घर बैठे मिल रही निःशुल्क परामर्श सुविधा

- **एक लाख 75 हजार से अधिक लोगों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, 24 घंटे उपलब्ध टोल-फ्री सेवा 14416**
- **कलेक्टर के निर्देशन में जिला अस्पताल की पहल, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची सुविधा**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**रायगढ़, 20 फरवरी।** भागदौड़ भरी जीवनशैली और बढ़ते तनाव के दौर में मानसिक स्वास्थ्य आज सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय रायगढ़ के माध्यम से 'टेली मानस' सेवा के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 'टेली मानस' भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका पूरा नाम टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स है। इस सेवा के माध्यम से जिले का कोई भी व्यक्ति घर बैठे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है। यह सुविधा पूरी तरह गोपनीय है और 24 घंटे, सातों दिन उपलब्ध रहती है।

इसी कड़ी में जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर केनन डेनियल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बेंगलुरू स्थित निमहांस के समन्वय से जिले में 'टोरेंट प्रोजेक्ट' का भी सफल संचालन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें मानसिक रोगों की पहचान एवं स्क्रीनिंग के लिए 'मेरिट' नामक विशेष टूल उपलब्ध कराया गया है।

### इन समस्याओं में मिल रही है सहायता

अत्यधिक तनाव, घबराहट या बेचैनी, लंबे समय तक उदासी या अवसाद के लक्षण, नींद से जुड़ी समस्याएं, पढ़ाई का तनाव या पारिवारिक कलहनशे की लत से छुटकारा पाने के लिए मार्गदर्शन। जिला चिकित्सालय रायगढ़ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि मानसिक स्वास्थ्य को भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्व दें। यदि स्वयं या आसपास कोई व्यक्ति व्यवहार में बदलाव, तनाव या अवसाद महसूस कर रहा हो तो झिझकें नहीं। एक कॉल या नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संपर्क कर विशेषज्ञों की सलाह अवश्य लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि अब मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक की पहुंच में हैं। समय पर परामर्श लेकर न केवल स्वयं को, बल्कि अपने परिवार को भी सुरक्षित और स्वस्थ रखा जा सकता है।

## श्रमिक प्रदेश के विकास व अर्थव्यवस्था की रीढ़ : अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह



- **3, 106 पंजीकृत श्रमिकों के खातों में 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार से अधिक की सहायता राशि अंतरित**
- **श्रमिकों का जीवन स्तर उठाना मंडल का मुख्य उद्देश्य : विधायक सिन्हा**

**महासमुंद, 20 फरवरी।** श्रमिकों के सम्मान एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज विशाल मेगा मार्ट परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, स्काउट एवं गाइड के राज्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह गोल्डी एवं स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जिले के 3106 पंजीकृत श्रमिकों के खातों में 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार 630 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर श्रमिकों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रामप्रताप सिंह ने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सभी जिले में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है तथा आज महासमुंद जिले में 3 हजार से ज्यादा श्रमिकों को 1 करोड़ 51 लाख रुपए से ज्यादा की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण को सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी की सुविधा उपलब्ध

# क्षेत्र के लोगों को सर्जरी के लिए अब नहीं खर्च करने पड़ेंगे लाखों रुपए

- **ऑपरेशन के दूसरे दिन ही चलने लगे छविराज**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायगढ़, 20 फरवरी।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग में अब घुटना प्रत्यारोपण एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी की सुविधा सफलतापूर्वक शुरू कर दी गई है। अब तक जिन मरीजों को ऐसे ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था और लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे, उन्हें अपने ही जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अत्याधुनिक तकनीक से सुरक्षित उपचार मिल रहा है।

इस उपलब्धि के पीछे राज्य सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है।



### ऑपरेशन के दूसरे दिन ही चलने लगे छविराज

28 वर्षीय मरीज छविराज कुमार ने बताया कि उन्हें लंबे समय से पैर में गंभीर दिक्कत थी, जिसके कारण चलने-फिरने में काफी परेशानी होती थी। उन्होंने पहले निजी अस्पताल में परामर्श लिया था, जहां सर्जरी के लिए लगभग ढाई लाख रुपये का खर्च बताया गया। आर्थिक रूप से यह उनके लिए काफी कठिन था। उन्होंने कहा कि रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत सर्जरी की सुविधा शुरू होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने यहां उपचार कराया। सफल ऑपरेशन के बाद अब उनके पैर में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दूसरे दिन से ही वे चलने लगे थे और अब वे पूरी तरह सहज और आत्मविश्वास के साथ चल-फिर पा रहे हैं। छविराज ने चिकित्सकों की टीम और अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें निःशुल्क और उच्चस्तरीय उपचार मिलने से उनके जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

### गंभीर जोड़ों की बीमारियों के मरीजों को मिल रही नई उम्मीद

अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जांगड़े ने बताया गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना के बाद जोड़ों की क्षति अथवा लंबे समय से घुटने और कूल्हे के असहनीय दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी अत्यंत प्रभावी उपचार है। सर्जरी के बाद मरीजों के दर्द में उल्लेखनीय कमी आती है और वे तेजी से सामान्य जीवन की ओर लौटते हैं। चलने-फिरने की क्षमता में सुधार होने से मरीजों की जीवन गुणवत्ता में बदलाव देखने को मिल रहा है। डॉ. जांगड़े ने आमजन से अपील की है कि घुटने या कूल्हे की पुरानी समस्या को नजरअंदाज न करें और समय रहते अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं।

### आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क एवं सुरक्षित उपचार

अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. मिंज ने बताया कि अस्पताल में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण की सुविधा अत्याधुनिक तकनीक और निर्धारित चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के तहत उपलब्ध है। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण जांगड़े एवं एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एम. लकड़ा की विशेषज्ञ टीम द्वारा इन सर्जरी को पूर्ण सुरक्षा और दक्षता के साथ किया जा रहा है। विगत कुछ दिनों में लगभग 10 मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी की गई है, जिसमें 5 कूल्हा और 5 घुटना प्रत्यारोपण शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन का मजाक उड़ा रहे नवागांव के सचिव

- एक साल पहले कचरा ढोने मिली ट्राईसायकल, आठ माह से डबरी में सड़ रही
- गांव में कचरे का अंबार,स्वच्छता पर ध्यान नही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 16 फरवरी।** मोहला मानपुर चौकी जिले में स्वच्छ भारत मिशन पोल खोलती तस्वीरें ये बंया कर रही है कि स्वच्छता जिले में अहम मायने नही रखती । एक साल पहले पंचायतों को मिले कचरा उठाने वाली ट्राई सायकल अब खुद कचरे पे पड़ा हुआ है,मानपुर विकासखंड के औंधी तहसील के नवागांव ग्राम पंचायत में पिछले आठ माह से कचरा ढोने वाली ट्राई साइकल डबरी में डूब कर सड़ता नज़र आ रहा है । एक तरफ जनपद पंचायत मानपुर स्वच्छता को लेकर विकास करने अपनी साख बना रहा तो दूसरी तरफ जनपद और जिला पंचायत की छवि धूमिल करने सचिव कोई कसर नही छोड़ रहे है ।

प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पंचायतों में स्वच्छता के लिए फंड और ट्राईसाइकल वितरण किया गया साथ ही पंचायत द्वारा समूहों को इसकी जिम्मेदारी दी गई लेकिन ग्राम पंचायत नवागांव के सचिव खुद ही स्वच्छता की धज्जियां उड़ा रहे हैं । आपको बता दे कि गांव में कचरे का अंबार देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव की साफ सफाई नियमित रूप से नही हो पा रही है लेकिन फंड का दुरुपयोग भरपूर हो रहा है ।

नवागांव ग्राम पंचायत में एक साल पहले कचरा उठाने ट्राई साइकल वितरण किया गया है लेकिन सचिव की लापरवाही के चलते आठ माह से कचरे के ढ़ेर के नज़दीक डबरी में ट्राई साइकल सड़ता रहा,शासकीय राशि से आया ट्राई साइकल कचरा ढो तो नही रहा लेकिन अब कचरे में तब्दील हो रहा है, इतना ही नही प्रधानमंत्री के सपनो पर ग्रहण लगाने सचिव कोई कसर नही छोड़ रहे है । अब सवाल यह है कि क्या पंचायत कचरा उठाने समूहों को जिम्मेदारी दी थी या अब तक ऐसे ही बिना समूहों के चलता रहा होगा । स्वछता मिशन हमारे लिए प्राथमिक और महत्वपूर्ण कार्यो में है इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी, जैसे ही मुझे जानकारी मिली मैने तत्काल सचिव को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है संतोषजनक जवाब मिलने के बाद यथाउचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### कार्यशाला में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व अधिकार की जानकारी दी गई

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के दिशा-निर्देश में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के पालक, अभिभावक एवं बच्चों के अध्ययनरत शाला के संस्था प्रमुखों के विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा बलौदाबाजार में 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गए।मास्टर्स ट्रेनर्स अर्चना यादव, कु. प्रीति देशमुख एवं सविता चाम्भारे द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड से दिव्यांग बच्चों के पालक अभिभावक एवं संस्था प्रमुखों को दिव्यांग बच्चों के संबंध में प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा और दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में संवेदनशील बनाने और उनका मार्गदर्शन किया गया । पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों के उपयोग और आईईपी योजना के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण,दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा से अवगत कराया गय इसके साथ सीडब्ल्यूएसएन के लिए प्रभावी कक्षा कक्ष व्यवस्था, पालक/अभिभावक को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं शासन की योजनाओं की जानकारी के बारे में बताया गया। जिला सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल ने दिव्यांग बच्चों के हित में शासन द्वारा निर्धारित योजनाओं से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे एवं जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समरत विद्यार्थियों से समन्वय कर अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ सभी क्रियाकलाप में सहभागी होने हेतु सुझाव दिया गया। कार्यशाला में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जहीर अब्बास, समावेशी शिक्षा प्रभारी खिलावन लाल वर्मा एवं पीएमयू केशव चन्द्रा, योगेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### कमल किशोर साहू



**डोंगरगढ़।** विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी सेवा सहकारी समिति अछोली के अध्यक्ष, एवं भाजपा ग्रामीण मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल किशोर साहू उम्र 55 वर्ष का निधन हो गया आज उनका अंतिम संस्कार ग्राम अछोली में किया जाएगा मिलन सार व्यक्तिव के धनी कमल किशोर साहू भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे श्री साहू के निधन पर ग्राम अछोली में शोक का लहर है कमल किशोर साहू के निधन पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन राजनादगांव के द्वारा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रृद्धाजंलि अर्पित की है।

### नायक के निधन से तिल्दा नेवरा में शोक



**तिल्दा नेवरा।** भाजपा नेता डोगेंद्र नायक का आकस्मिक निधन से बीजेपी के लोगो ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है रायपुर दुर्गा कॉलेज में सक्रिय छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले डोगेंद्र नायक केवल एक छात्र नेता नहीं, बल्कि संगठन क्षमता, स्पष्ट विचार और जनसंपर्क की सहज शैली के लिए पहचाने जाते थे। छात्रसंघ की गतिविधियों से लेकर सामाजिक सरोकारों तक, उन्होंने सदैव अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। बाद में भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में वे एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में स्थापित हुए। संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकर्ताओं से आत्मीय संबंध और जनहित के मुद्दों पर मुखर भूमिका– इन सबने उन्हें एक जाना-पहचाना चेहरा बना दिया। जो लोग उन्हें निकट से जानते थे, वे उनकी सादगी, मिलनसार स्वभाव और संघर्षशील व्यक्तित्व के साक्षी हैं। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि सार्वजनिक जीवन में पहचान पद से नहीं, बल्कि व्यवहार और समर्पण से बनती है। नायक रायपुर जिला ग्रामीण बीजेपी के पूर्व महामंत्री के अलावा नेवरा मंडी अध्यक्ष तिल्दा मंडल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा के पूर्व अध्यक्ष भी रहे थे उनका अंतिम संस्कार ग्राम राय खेड़ा तिल्दा में किया गया निधन 19फरवरी को शाम 5बजे गांव में हो गया था अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग जुटे इधर सांसद बृजमोहन अग्रवाल राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा विधायक अनुज शर्मा सहित अनेक बीजेपी संगठन के नेताओं ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों एवं समर्थकों को इस असहनीय क्षति को सहने की शक्ति दें।

### जनपद पंचायत सिमगा की सामान्य सभा में

# योजनाओं के प्रभावी अमल,पारदर्शिता व जनता की सहभागिता बढ़ाने पर की गई गंभीर चर्चा

**सिमगा, 20 फरवरी।** जनपद पंचायत सिमगा में आज एक महत्वपूर्ण सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने संकल्प लिया गया द्य यह बैठक केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी ग्राम जी योजना के अंतर्गत आईईसी – अर्थात सूचना, शिक्षा एवं संचार – गतिविधियों को केंद्र में रखकर आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शासकीय पारदर्शिता तथा आम जनता की सहभागिता बढ़ाने पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष श्री दौलतराम पाल जी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री करण वर्मा जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सी. पी. मनहर जी, उपाध्यक्ष श्री गोपाल साहू जी, जनपद सभापति श्री चंद्रप्रकाश टोंडे जी सहित समस्त जनपद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



वीबी ग्राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज़ करने तथा योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित एक समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम है। इस योजना के तहत – आईईसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी दी जाती है। ग्राम सभाओं, दीवार लेखन, पर्चे एवं नुक्कड़ सभाओं के ज़रिए जन-जागरूकता फैलाई जाती है। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँच सके। बैठक के प्रारंभ में सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की वर्तमान प्रगति, संचालित योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आम नागरिकों को प्राप्त हो रहे लाभों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि ग्राम स्तर पर जागरूकता शिविर, बैठकें एवं सूचना प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने ग्रामों में इन गतिविधियों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, श्री अमित कुमार वैद्य ने समस्त चर्चा बिंदुओं एवं योजना संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इन जानकारियों को आम जनता तक पहुँचाने हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा – जनभागीदारी से ही योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सकता है। जब तक गाँव का हर नागरिक जागरूक नहीं होगा, विकास की योजनाएँ अधूरी रहेंगी।

बैठक का समापन समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सामूहिक सहयोग एवं समन्वय के दृढ़ संकल्प के साथ किया गया।

– जनपद पंचायत सिमगा, जिला बलौदाबाज़ार–भाटापारा, छत्तीसगढ़

## सिमगा नगर मराठा समाज ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती



**सिमगा 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा मराठा समाज के सदस्यों द्वारा आज 19 फरवरी को भाजपा जिला मंत्री श्रीमती वंदना इंगोले के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के पावन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा , शिवनाथ हास्पिटल एवं विनायक हास्पिटल सिमगा में मरीजों को फल एवं बिस्कुट का वितरण कर जन्म दिवस मनाया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक रहे हैं, अपने शौर्य एवं बुद्धि कौशल से उन्होने हिंदू हृदय सम्राट,महा पराक्रमी,शूर वीर इत्यादि पदवी हासिल की, उनकी अमर गाथा युगों युगों तक याद की जाएगी, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजना भोंसले अध्यक्ष महिला मराठा समाज, शशिकला भोंसले,मेघा भोंसले,मुक्ता मुले,लोरी जगताप , गजेन्द्र जगताप, प्रवीण भोंसले, आदित्य इंगोले, वैष्णवी भोंसले, नारायण नेताम, राहुल यदु आदि उपस्थित थे।

## श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने श्रमिक भाई -बहन बनें जागरूक:राजस्व मंत्री

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में गुरुवार को श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यकम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 1 करोड़ 4 लाख से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से श्रमिक एवं उनके परिवार के खाते में आतंरित की गई।

## कलेक्टर-एसपी ने गिरौदपुरी मेले की तैयारियों का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 20 फरवरी।** संत शिरोमणी बाबा गुरुघासीदास जी के जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 22 से24 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले संत समागम एवं गुरुदर्शन मेले की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी भावना गुप्ता गुरुवार को गिरौदपुरी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर सौंपे गए दायित्वों एवं सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी में कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में पर्याप्त जनसुविधा एवं क़ानून व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु मेले से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। उन्होंने चाक चौबंद सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, ट्रेफिक व्यवस्था, वायरलेस सेट की व्यवस्था करने कहा। चिकित्सा सुविधा हेतु मेला परिसर में 8 स्थानों में शिविर, 1मोबाइल मेडिकल यूनिट, 10 बिस्तरीय अस्पताल एवं 10 एम्बुलेंस की तैनाती के निर्देश दिये। आपातकालीन व्यवस्था हेतु 8 अग्निशमन वाहन भी उपलब्ध कराने कहा। इसीतरह निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर, जनरेटर की व्यवस्था, साफ सफाई हेतु स्वच्छग्रही एवं नगर पालिका के कर्मचारी की ड्यूटी लगाने कहा। उन्होंने पेयजल, स्नानागार, शौचालय, दाल- भात केन्द्र आदि व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सहित वाहनो की सुरक्षा, व्यवस्थित पार्किंग, आपातकालीन व्यवस्था पर विशेष फोकस करें। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में 1150 पुलिस बल तैनात किये जा रहे है।

## मौदहापारा संडे बाजार के सभी व्यापारियों के लिए अब पहचान पत्र रखना अनिवार्य

**रायपुर 20 फरवरी।** राजधानी शहर रायपुर में लगाया जाने वाला मौदहापारा संडे बाजार हेतु सभी व्यापारियो को पहचान पत्र अपने पास रखना अनिवार्य कर दिया गया है। स्थानीय व्यापारियो को बाजार में व्यापार करने की अनुमति दी जायेगी। मौदहापारा संडे बाजार राजधानी शहर में केके मार्ग मौदहापारा में पुलिस थाना के सामने से मौदहापारा मस्जिद के सामने तक मार्ग के किनारे सफेद रोड़ मार्किंग के भीतर लगाया जायेगा। मौदहापारा संडे बाजार साप्ताहिक रूप से नई व्यवस्था के अंतर्गत सुबह 10 बजे तक लगाया जा सकेगा। मौदहापारा संडे बाजार में आने वाले नागरिको के लिए वाहन पार्किंग स्थल दुर्गा कालेज के समीप श्री महाबीर गौशाला काम्पलेक्स को निर्धारित किया गया है। सडक पर सामान रखना संडे बाजार में व्यापारियो के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देशानुसार नगर निगम नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला, नगर निवेशक श्री आभास मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू, जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता श्री नीतीश झा सहित यातायात पुलिस नगर निगम नगर निवेश विभाग, जोन 2 नगर निगम बाजार विभाग के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक मौदहापारा संडे बाजार में व्यवसाय करने वाले लगभग 100 फेरी वालो की बैठक ली। श्री मनोज वर्मा ने फेरी वालो को शहर हित में जनसुविधा की दृष्टि से मौदहापारा संडे बाजार की सुचारू व्यवस्था कायम करने रायपुर नगर पालिक निगम और यातायात पुलिस प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।





**सिमगा 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मितानिन नंदनी शर्मा कार्यकर्ता कल्पना तिवारी व साहिका सरस्वती देवांगन मिल कर वार्ड क्रमांक 4 में घर घर जा कर फ्लेरिया व कृमि का दवा खिलाते हुवे सविता जैन व बिना जैन को।

## गिरौदपुरी मेले में जनसुविधाओं की जानकारी देने वेबसाइट व मोबाइल एप लांच

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गिरौदपुरी मेले में उपलब्ध जनसुविधाओं एवं विभिन्न व्यवस्थाओ की जानकारी आमजनों को आसानी सुलभ कराने जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को मेले का वेबसाईट एवं मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया गया। धर्मगुरु बालदास साहेब ने सर्किट हॉउस गिरौदपुरी में लैपटॉप में क्लिक कर वेबसाईट और मोबाइल एप्पलीकेशन को लांच किया। इस अवसर कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि गिरौदपुरी मेले की वेबसाईट से मेले में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही वेबसाईट पर मोबाइल एप्प डाउनलोड कर सकते है। वेबसाइट, मोबाइल एप्प एवं क्यू आर कोड के माध्यम से मेले में भोजन व्यवस्था, पेयजल,पार्किंग, कंट्रोल रूम,चिकत्सा एवं एम्बुलेंस,स्नान घर एवं निस्तारी सुविधा, शौचालय एवं बायोटॉयलेट व्यवस्था आदि की जानकारी अपने एंड्रॉड मोबाइल से आसानी से ले सकेंगे। मेला स्थल में जगह- जगह, क्यूआर कोड चस्पा किया जा रहा है।




**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202512095200015**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026

जटकन्हार प.ह.न. 00020 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रूखमिन बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रूखमिन बाई पिता जोधी पति किर्तनराम जाति कंवर निवासी जटकन्हार कृषक ग्राम जटकन्हार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम जटकन्हार तहसील डोंगरगढ़ में आवेदिका के नाम पर स्थित ख.नं. 355, 360/1, 360/3, 549/4 क्रमशः रकबा 0.0400, 0.3950, 0.4500, 0.4050 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.2900 हे. भूमि है। उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में आवेदिका के नाम रूखमणी पिता जोधी दर्ज है। आवेदिका के दस्तावेज आधर पत्र, बैंक पासबुक, क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड में खमिन बाई पिता जोधी है। राजस्व रिकार्ड में अंकित रूखमणी पिता जोधी को त्रुटि सुधार कर रूखमिन बाई पिता जोधी दर्ज किये जाने का आवेदनमय बी. 1, ऋण पुस्तिका छाया प्रति, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड छाया प्रति के साथ पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 27.02.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202602094500001
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गुमान सिंह वर्मा पिता अपरूराम वर्मा जाति-लोधी, निवासी ग्राम खुबाटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव मेरे हक व आधिपत्य में ग्राम-लालबहादुर नगर प.ह.न. 15 रा.नि.मं. व तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में कृषि भूमि खसरा न. 484/12 का रकबा 0.004 हे., को पुराने विक्रय बैनामा के आधार पर नामांतरण के लिए आवेदन किये है। जिसे न्यायालय के माध्यम से जांच कर अग्रिम कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत होता है, इस कारण इस आवेदन को राजस्व न्यायालय में सुनवाई हेतु प्रेषित किया जाता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.02.2026 के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार लाल बहादुर नगर

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
ई-मेल : ceordaryp@gmail.com
www.rdaraipur.com
फोन : (0771) 2536188, 2536788
पी. बी. एक्सः 2533788

**उद्घोषणा**

क्रमांक 1560/रा.शा./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर, दिनांक 18.02.26

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01 योजनांतर्गत मुबीन अहमद पिता वली मोहम्मद को भूखंड क्रमांक सी-100 रकबा 60 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा दिनांक 22.12.2025 को शेख इस्माइल पिता स्व. शेख अमीर को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण शेख इस्माइल पिता स्व. शेख अमीर के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक................को जारी ।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर छ.ग.

**कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
Email ID :- barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/1279/लो.नि.शा./न.प./2025-26 — बारसूर, दिनांक 19/02/2026

**-::मैनुअल पद्धति अंतर्गत प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन/सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015, 01/01/2025] एवं विद्युत एस.ओ.आर. 01/07/2020 तथा पी.एच.ई.डी. एस.ओ.आर. 2020 को जारी दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा प्रपत्र/फार्म 'ए' में दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर पर मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 05/03/2026 संध्या शाम 5:00 बजे तक
2. परीक्षण पश्चात् निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय - 09/03/2026 संध्या शाम 5:00 बजे तक
3. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय - 13/03/2026 संध्या शाम 4:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 13/03/2026 संध्या शाम 5:00 बजे तक

| क्र | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल व्यवस्था हेतु नवीन पानी टंकी में(300 केएल) सीआई पाईप लाईन ज्वॉटिंग कार्य। | 3.65 | 3700.00 | 750.00 | 02 माह |


उपरोक्त कार्यों की निविदा का विवरण/विस्तृत शर्तें/निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में एवं एन.आई.सी. जिला कार्यालय के वेब साईट में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

## एक नजर

### रमजान महीने में मुस्लिम कर्मियों को 1 घंटा पूर्व छुट्टी

**रायपुर, 20 फरवरी।** मुस्लिम धर्म में सबसे पवित्र माह कहा जाने वाला रमज़ान महीना 19 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है इस माह में मुस्लिम समाज के लोग पूरे दिन रोजा रखकर ईश्वर की ईबादत करते हैं एवं प्रतिदिन रात्री में विशेष नमाज़ तरावीह का भी आयोजन किया जाता है जिसमें सम्पूर्ण कुरआन का पाठ किया जाता है। पवित्र माह रमजान को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारीयों को एक घंटा पूर्व कार्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है, विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हर जाति, धर्म, पंथ व समाज के आस्था का सम्मान किया जा रहा है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का ही स्वरूप है।



### डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर 22 को पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता प्रथम दृष्टा डॉ खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि दिनांक 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नवीन मार्केट में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता प्रथम दृष्टा डॉ खूबचंद बघेल के मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने कार्यक्रम रखा गया है।

### गाडगे बाबा जन्मोत्सव एवं निर्मल दिवस 23 को

**रायपुर, 20 फरवरी।** समाज सुधार, स्वच्छता, सेवा और मानवता के प्रतीक राष्ट्र संत शिरोमणि संत गाडगे बाबा का जन्मोत्सव 23 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज जागरण का भी संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे।

### वाणिज्य कर विभाग में फेरबदल कई अधिकारी इधर से उधर

**रायपुर, 20 फरवरी।** राज्य सरकार ने वाणिज्यकर कर विभाग में बड़े पैमाने पर अधिकारियों, कर्मचारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के मुताबिक, आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त समेत राज्य कर अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। सूची में आयुक्त स्तर से लेकर उपायुक्त, सहायक आयुक्त तथा राज्य कर अधिकारियों तक कई नाम शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग जिलों और संभागों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### फरवरी के अंत में होगी दुर्लभ खगोलीय घटना

**रायपुर, 20 फरवरी।** फरवरी माह का अंतिम दौर चल रहा है. ऐसे में एक दुर्लभ खगोलीय घटना घटित होने वाली है. जिसमें 6 ग्रह एक साथ आ रहे हैं. पृथ्वी से जब इन ग्रहों को देखा जाएगा तो वह एक कतार में दिखाई देंगे. किसने बुध शुक्र बृहस्पति शनि वरुण और अरुण एक सीट में दिखाई देंगे. इसे सामान्य बोलचाल की भाषा में अक्सर ग्रहों की परेड कहा जाता है. नासा के अनुसार बुध, शुक्र बृहस्पति शनि यूरेनस और नेपच्यून सूर्यास्त के तुरंत बाद दिखाई देंगे, हालांकि साफआसमान होने पर इनमें से केवल चार ग्रह ही सीधे देखे जा सकेगा. ग्रहों की हलचल का धार्मिक महत्व भी बहुत ज्यादा है, जब कई बड़े ग्रह एक ही सीधा में आकर सक्रिय होंगे तो इसका सभी 12 राशियों पर प्रभाव पड़ेगा. ग्रहों की स्थिति के अनुसार गुरु मिथुन में, शनि मिल में और बुध शुक्र के साथ राहु कुंभ राशि में स्थित है. फरवरी के अंत में मंगल और चंद्रमा भी कुंभ राशि में पहुंच जाएंगे. जिससे ऊर्जा और भावनात्मक शक्ति में बढ़ोतरी होगी. ग्रहों की यह विशेष व्यवस्था जातकों के सोचने, धन जिम्मेदारी और भाग्य से जुड़े मामलों में तेजी से बदलाव लेकर आएगी. कुछ लोगों को अचानक अवसर, नए संपर्क और आर्थिक लाभ मिल सकते हैं.

# मार्च में छत्तीसगढ़ आ सकते हैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे

**रायपुर, 20 फरवरी।** कांग्रेस शासनकाल में हुए फरवरी 2023 को हुए कांग्रेस महाधिवेशन में एक साथ छत्तीसगढ़ में मंच साझा करने के बाद अब फिर से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ-साथ आने के आसार बन रहे हैं. छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित रैली में दोनों नेता शामिल हो सकते हैं.

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में विद्युत नियामक आयोग की सुनवाई पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पिछले दो साल में भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया है. चार बार बिजली की दर बढ़ाई गई. अब विद्युत नियामक आयोग में जनसुनवाई चल रही है, इसका मतलब साफ है कि सरकार बिजली बिल बढ़ाना चाहती है. साथ ही केंद्र ने सेस भी कम कर दिया.

वहीं राज्यसभा की छत्तीसगढ़ सीट को लेकर दीपक बैज ने कहा कि राज्यसभा में कौन जाएगा यह पार्टी तय करेगी. बस्तर से सरगुजा तक कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है. पार्टी का अधिकार है किसे नॉमिनेट करना है, अगर हमसे सलाह मांगेंगे तो जरूर देंगे. वहीं सुप्रीम कोर्ट की फ्रीबीज को लेकर की गई टिप्पणी पर बैज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत है. बिहार में चुनाव के समय 10 हजार बांटे गए, असम में भी 10 हजार बांटे जा रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए.



### छग में हो सकता है कांग्रेस जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बताया कि छत्तीसगढ़ समेत ओडिशा और झारखंड के 100 से अधिक जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ में हो सकता है. प्रशिक्षण के लिए जगह की तलाश की जा रही है. 10 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में तीनों राज्यों के वरिष्ठ नेता, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे.

विष्णु सरकार के द्वारा आगामी 24 फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट को लेकर कहा कि बजट सत्र में कांग्रेस विधायक दल द्वारा सरकार को घेरने की कोशिश होगी. विधानसभा के अंदर भी और बाहर भी लड़ाई जारी रहेगी. वहीं स्ढ्क्र की फाइनल लिस्ट जारी होने के मामले में दीपक बैज ने कहा कि बहुत गड़बड़ी हुई है, चुनाव आयोग का दुरुपयोग किया जा रहा है. बीजेपी के कार्यकर्ता नियमों को ताक पर रख रहे हैं. अब आगे देखना है कि चुनाव आयोग कितना निष्पक्ष है.

# रामकी कंपनी की सफाई व्यवस्था से नगर निगम के अधिकारी नाराज

## जोन अध्यक्ष ने की स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारी की समीक्षा



**रायपुर, 20 फरवरी।** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल ने जोन कमिश्नर खीरसागर नायक सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में अनुबंधित सफाई एजेंसी रामकी कंपनी के एरिया सीनियर मैनेजर और वार्ड सफाई सुपरवाईजरों की बैठक लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए।

रायपुर की स्वच्छता रैंकिंग बेहत्तर बनाने सभी वार्डों में दैनिक डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में जनअपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये। निर्देश दिये गये कि रामकी कंपनी सभी वार्डों में आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा पृथक-पृथक रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जोन अध्यक्ष एवं जोन कमिश्नर ने रामकी कंपनी के सीनियर मैनेजर और वार्ड सफाई सुपरवाईजरो को निर्देशित किया कि सभी वार्डो की सभी गलियों व आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में रामकी कंपनी की सफाई गाडियां पहुंचे एवं प्रतिदिन नियमित शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य व्यवस्थित करें। इसे लेकर जोन अध्यक्ष एवं जोन कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की कि रामकी कंपनी की सफाई गाडियां प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे तक कार्य क्षेत्र में नहीं पहुंच रही है एवं कई गलियों और व्यवसायिक क्षेत्रो में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य नहीं किया जा सक रहा है। निर्देश दिये गये कि प्राथमिकता से लेकर रामकी कंपनी के एरिया सीनियर मैनेजर और सभी वार्डों के वार्ड सफाई सुपरवाईजर, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था नगर हित में सुधारे। जोन अध्यक्ष एवं जोन कमिश्नर ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को स्वच्छता निरीक्षको सहित व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग कर व्यवस्था की शीघ्र सुधारने निगरानी करने निर्देशित किया है, ताकि शहर के जोन 5 के वार्डो का क्षेत्र स्वच्छ व साफ सुथरा नजर आए और इससे शहर की स्वच्छ रैंकिंग बेहत्तर बनने में सक्रिय सहभागिता जोन 5 क्षेत्र शहर में दर्ज करवा सके।

# जन्मजात बधिरता से तीन बच्चों को मिली मुक्ति




**रायपुर, 20 फरवरी।** सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और बाल स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल ने एक बार फिर ठोस परिणाम दिए हैं। जन्मजात बधिरता से जूझ रहे तीन मासूम बच्चों का सफल कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में संपन्न हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम द्वारा समय पर पहचान और समन्वित प्रयासों के कारण इन बच्चों को निःशुल्क उन्नत उपचार उपलब्ध हो सका। वर्तमान में तीनों बच्चे स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय देखरेख में हैं। कबीरधाम जिले के सहसपुर-लोहारा विकासखंड स्थित ग्राम चिलमखोदरा निवासी धैर्य मरकाम (पिता- श्यामू मरकाम) जन्म से श्रवण बाधा से पीड़ित थे। चिरायु टीम द्वारा नियमित स्क्रीनिंग के दौरान समस्या की समय रहते पहचान की गई। आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं रेफरल प्रक्रिया के बाद 16 फरवरी को एम्स रायपुर में उनका कॉक्लियर इंप्लांट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वर्तमान में बालक चिकित्सकीय निगरानी में है।



इसी क्रम में कोरबा जिले के बालको क्षेत्र निवासी ढाई वर्षीय नक्ष कोशले की श्रवण समस्या का पता भी प्रारंभिक जांच के दौरान चला। विशेषज्ञ परामर्श के पश्चात 14 फरवरी को एम्स रायपुर में सर्जरी की गई। चिकित्सकों के अनुसार बालक स्वस्थ है तथा नियमित फॉलो-अप जारी है। सक्ति जिले के जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम हसौद की तीक्षिका साहू में भी जन्मजात बधिरता से मुक्ति मिल गई।

## एआई की दुनिया में छग के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर, 20 फरवरी।** नई दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ के युवाओं के द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन किए जाने की नागरिक आपूर्ति निगम छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने प्रशंसा करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में किसी भी क्षेत्र में टैलेंट की कमी नहीं है। यहां के युवा शिक्षा, कला उद्योग इत्यादि क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं. उन्होंने प्रदेश के युवाओ को इस क्षेत्र में आगे बढ़कर नया कुछ करने का आह्वान करते हुए कहा कि ए आई तकनीक से राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ने की काफी संभावना है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है. उल्लेखनीय है कि ऐ इंपैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली अनुराग मानिक और आस्था मानिक ने कर्तव्य एप्प प्रस्तुत किया जोकि ए आई जनित आवाज और वास्तविक आवाज को अलग-अलग पहचान लेने में सक्षम है. अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन युवाओ ने इस प्रतियोगिता में हजारों टैलेंटेड प्रतिभागियों के बीच कई कठिन चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष स्थान हासिल करने में सफलता पाई है.



## PICTURE-स्टोरी




**रायपुर, 20 फरवरी।** विधायक सुनील सोनी ने शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, छत पर डोम निर्माण के लिए भूमिपूजन कर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे अब महाविद्यालय की छत पर बैडमिंटन आदि इनडोर गेम्स भी खेले जा सकेंगे।

## बघेल मर्यादा का पालन करना सीखें : भाजपा

**रायपुर, 20 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई अनर्गल टिप्पणी पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। ठोकने ने कहा कि सत्ता से बाहर होते ही बघेल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और राम द्रोह के रास्ते पर चलते हुए अब पूजनीय संतों और राष्ट्र नायकों का अपमान करना उनकी नियति बन गई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी में भूपेश बघेल हाशिये पर चल रहे है इसी हताशा में सुर्खिया पाने बार बार अपना राजनीतिक स्तर दिखाते हुए घटिया बयान देते रहते हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठोकने ने कहा कि जहाँ एक ओर सरसंघचालक डॉ. भागवत संस्कृत के श्लोकों और भारतीय संस्कृति के संवर्धन के माध्यम से विश्व को शांति का संदेश दे रहे हैं, वहीं भूपेश बघेल जैसा 'निकम्मा' नेतृत्व केवल तुष्टीकरण की राजनीति में व्यस्त है। डॉ. भागवत को श्लोक बोलते हुए चाहे जितने वीडियो भेजने की बात कहते हुए ठोकने ने कहा कि राम-द्रोही राजनीतिक संस्कार की कुलजमा हैसियत रखने वाले बघेल ने एक खानदान की चाटुकारिता करने के अलावा किया क्या है? बघेल से सनातनी संस्कारों का पैरोकार होने की उम्मीद ही बेमानी है। ठोकने ने कहा कि कांग्रेस अब पूरी तरह से मुस्लिम लीग की विचारधारा पर चल रही है। जिस पार्टी के नेता सनातन धर्म और उसके प्रतीकों का सम्मान नहीं कर सकते, उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# सिंधी पंचायतों और समाजसेवियों की सभा 22 को

**रायपुर, 20 फरवरी।** मसन्द सेवाश्रम द्वारा सनातन धर्म, देश व सार्वजनिक कल्याण के क्षेत्र में सिंधी समाज का दायित्व बढ़ाने की कार्ययोजना बनाने के लिए 22 फरवरी को शाम 5 बजे स्थानीय शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में रायपुर की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों एवं समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों की विशाल सभा आयोजित की गई है। इस अवसर पर नगर, प्रदेश, देश एवं सनातन संस्कृति के हित में सराहनीय कार्य कर रहीं नगर की 12 सिंधी विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी के महापौर रामू रोहरा रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहब ने बताया कि सिन्धु घाटी की सभ्यता की प्रशंसा हजारों वर्षों से पूरे विश्व में इस लिए की जाती है कि सिंधी समाज की जीवन शैली सदैव से सनातन धर्म, देश व जगत के प्रति कल्याणकारी दायित्व निभाने की रही है। उन्होंने कहा कि समाज का संत होने के नाते वे अपने समाज की जीवन शैली पुनः अपने गौरवशाली इतिहास के अनुरुप डालने का प्रयास करेंगे। इसके लिए वे अपने सिंधी समाज को भारत के चारों पूज्यपाद शंकराचार्यों के सम्पर्क में रखने का प्रयास करेंगे। साईं मसन्द, भारत के चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व में गठित 108 देशों के अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री हैं।

# राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति पूरी तरह सजग : केदार

**रायपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के मसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। कश्यप ने कहा है कि बुधवार को आधी रात को राजधानी के सेंट्रल जेल पहुँचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष घड़ियाली आँसू बहाकर इस मुद्दे पर आंदोलित अभ्यर्थियों को गुमराह करने की ओछी राजनीति कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने प्राथमिक स्कूलों में बी.एड. वालों को प्रवेश देकर डी.एड. डिप्लोमाधारकों के भविष्य को संकट में डाला और इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले कई अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज की गई, जिससे उनके सरकारी नौकरी पाने के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा।



प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि बैज को यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में शिक्षाकर्मियों, और विशेषकर डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा जब आंदोलन के रूप में सड़कों पर सामने आया तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सम्वाद का रास्ता चुनकर समस्या का समाधान करने के बजाय प्रशासन की आड़ में टकराव और बल प्रयोग कर लाठीचार्ज किया था। सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए कश्यप ने कहा है कि राज्य सरकार शासकीय शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता और योग्य अभ्यर्थियों के भविष्य को लेकर पूरी तरह सजग है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नए अभ्यर्थियों के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। न्यायालय के निर्देशानुसार, सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के पाँचवें चरण में 2621 बी.एड. योग्यताधारी शिक्षकों के स्थान पर डी.एड. अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया गया था। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए कुल 2615 पदों के लिए अवसर प्रदान किया गया, जिसमें से 1319 अभ्यर्थी पात्र पाए गए और उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने स्पष्ट किया कि शिक्षक सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत पाँचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया में न्यायालय के निर्देशानुसार सेवा समाप्त किये गये 2621 बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के स्थापन पर डी.एड. अर्हताधारियों अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया गया था। शासन के निर्देशानुसार पाँचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया में 2621 अभ्यर्थियों के स्थान पर 2615 अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अवसर प्रदान किया गया था। उक्त भर्ती में 1319 अभ्यर्थी पात्र हुए, जिन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। अब उक्त भर्ती के रिक्त रह गए 1302 पदों के लिए मेरिट के निचले क्रम के अभ्यर्थियों द्वारा छठवें चरण की सूची जारी करने की मांग की जा रही है।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नव चयनित खनिज निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

# देश व प्रदेश का भविष्य युवाओं पर ही निर्भर : साय

**रायपुर, 20 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनिज निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है और खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



मुख्यमंत्री ने नव चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं पर ही देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग में नई नियुक्तियों से विभागीय कार्यबल और सशक्त होगा तथा खनिज अन्वेषण और खनन गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त खनिज निरीक्षक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए खनिज प्रशासन के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, लाइमस्टोन, टिन, हीरा, सोना और लिथियम सहित अनेक खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। खनिज राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं और सरकार खनिज राजस्व में वृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य के संसाधनों के संरक्षण और सुव्यवस्थित उपयोग में योगदान देने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 15 अक्टूबर 2025 को 33 खनिज निरीक्षकों की चयन सूची जारी की थी। इसके बाद खनिज साधन विभाग द्वारा 19 फरवरी 2026 को 32 खनिज निरीक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए, जिनमें से 30 नव चयनित खनिज निरीक्षकों को आज मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26